सत्यता और
निष्पक्षता के साथ
नई बुलंदियों पर

NNI
हर खबर पर पक्की नजर

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

कर्तव्यपथ पर चतुर्थ वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष :04, अंक :-346, पृष्ठ : 12 | बुधवार, 25 जून, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र




## एक्सियम मिशन-4 लॉन्च

# शुभांशु

## समेत चारों एस्ट्रोनेट स्पेस स्टेशन रवाना



# 41 साल बाद अंतरिक्ष में कोई भारतीय

## कल शाम 4:30 बजे आईएसएस पहुंचेंगे

नई दिल्ली। भारतीय गगनयात्री शुभांशु शुक्ला एक्सियम मिशन 4 के तहत आज यानी, 25 जून को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए रवाना हुए। उनके साथ तीन अन्य एस्ट्रोनॉट भी स्पेस स्टेशन जा रहे हैं। शुभांशु शुक्ला इस मिशन के पायलट है।

मिशन भारतीय समयानुसार दोपहर करीब 12:00 बजे फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया। स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट से जुड़े ड्रैगन कैप्सूल में सभी एस्ट्रोनॉट ने उड़ान भरी। ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट करीब 28.5 घंटे के बाद 26 जून को शाम 04:30 बजे आईएसएस से जुड़ेगा।

अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा और भारतीय एजेंसी इसरो के बीच हुए एग्रीमेंट के तहत भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को इस मिशन के लिए चुना गया है। शुभांशु इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर जाने वाले पहले और स्पेस में जाने वाले दूसरे भारतीय होंगे। इससे 41 साल पहले राकेश शर्मा ने 1984 में सोवियत यूनियन के स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष यात्रा की थी।

### मिशन का उद्देश्यः स्पेस स्टेशन बनाने की प्लानिंग का हिस्सा

एएम-4 मिशन का मुख्य उद्देश्य अंतरिक्ष में रिसर्च करना और नई टेक्नोलॉजी को टेस्ट करना है। ये मिशन प्राइवेट स्पेस ट्रैवल को बढ़ावा देने के लिए भी है और एक्सियम स्पेस प्लानिंग का हिस्सा है, जिसमें भविष्य में एक कॉमर्शियल स्पेस स्टेशन (एक्सियम स्टेशन) बनाने की योजना है।

**वैज्ञानिक प्रयोगः** माइक्रोग्रेविटी में विभिन्न प्रयोग करना।

**टेक्नोलॉजी टेस्टिंगः** अंतरिक्ष में नई तकनीकों का परीक्षण और विकास।

**अंतरराष्ट्रीय सहयोगः** विभिन्न देशों के अंतरिक्ष यात्रियों को एक मंच प्रदान करना।

**एजुकेशनल एक्टिविटीजः** अंतरिक्ष से पृथ्वी पर लोगों को प्रेरित करना और जागरूकता फैलाना।



### शुभांशु की सफलता पर भावुक हुए माता-पिता

भारत के कैप्टन शुभांशु शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की ओर जा रहे हैं। लॉन्चिंग के दौरान शुभांशु की मां आशा शुक्ला, पिता शंभू दयाल शुक्ला और उनकी बहनें भावुक नजर आईं। लॉन्चिंग के दौरान सभी ने एक-दूसरे को गले लगाया। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की मां आशा शुक्ला ने कहा कि यह हमारे और सभी के लिए गर्व का क्षण है। जगह-जगह पोस्टर लगाए जा रहे हैं। सभी को खुशी है कि इस देश का, इस त्रिवेणी नगर का एक लड़का इतनी ऊंचाई पर पहुंचने जा रहा है। हम उसे अपनी शुभकामनाएं और आशीर्वाद भेज रहे हैं। उसे हमारी बहू का पूरा समर्थन है। उसके बिना यह संभव नहीं हो सकता था। उसने यहां सबसे बड़ी भूमिका निभाई है।


# नहर में गिरी कार चार लोगों की मौत



**हल्द्वानी।** फायर स्टेशन के पीछे नहर में एक कार अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई।

सुशीला तिवारी अस्पताल से बच्चे की डिलीवरी के बाद किच्छा जा रहे परिवार की कार नहर में समा गई। घटना बुधवार की सुबह सात बजे मंडी समिति के गेट के सामने कैनाल नहर में हुई। सड़क हादसे में चार की दर्दनाक मौत हो गई । दो गंभीर रूप से घायल है। कार में सवार महिला की जहां जान बच गई वहीं उसका तीन दिन पहले जन्मा बच्चा नहीं बच सका। उसके पति की भी मौत हो गई। इस घटना में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हुई है।

फायर स्टेशन के पीछे हुई इस घटना में तत्काल फायर कर्मियों ने रेस्क्यू अभियान चलाया। इस दौरान एक फायर कर्मी नहर के बहाव में बह भी गया, लेकिन उसने कार चालक को भी बचाया व खुद भी अपनी जान बचाई।

# ईरान बोला- न्यूक्लियर प्रोग्राम बंद नहीं करेंगे

## नेतन्याहू का दावा- जंग में इजराइल की जीत हुई: ईरान में मना विक्ट्री सेलिब्रेशन





**तेहरान/तेल अवीव।** इजराइल-ईरान के बीच जंग के 12वें दिन, यानी मंगलवार को सीजफायर हो गया। दोनों देशों ने इसकी पुष्टि की है और साथ ही इस जंग में अपनी जीत का दावा किया।

इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान के खिलाफ इजराइल ने ऐतिहासिक जीत हासिल की है, जो पीढ़ियों तक याद रखी जाएगी। उन्होंने कहा- हम शेर की तरह उठे और हमारी दहाड़ ने तेहरान को हिला दिया। दूसरी तरफ ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि उनका देश न्यूक्लियर प्रोग्राम बंद नहीं करेगा। उन्होंने कहा- 'हमने इस तकनीक को हासिल करने के लिए बहुत मेहनत की है। हमारे वैज्ञानिकों ने बलिदान दिए हैं।' ईरान की राजधानी तेहरान में कल विक्ट्री सेलिब्रेशन प्रोग्राम भी आयोजित किया गया। बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ने सबसे पहले मंगलवार तड़के 3:30 बजे सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दोनों देशों में सीजफायर की जानकारी दी थी।

**ईरान के कमांडरों और वैज्ञानिकों का शनिवार को अंतिम संस्कार होगा**

ईरान और इजराइल के बीच 12 दिनों तक चले संघर्ष में मारे गए शीर्ष सैन्य अधिकारियों और परमाणु वैज्ञानिकों का शनिवार को राजधानी तेहरान में राजकीय अंतिम संस्कार आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी ने दी है। एजेंसी ने यह भी बताया कि 13 जून कोमारे गए रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स प्रमुख हुसैन सलामी को गुरुवार को दफनाया जाएगा।

**ईरान ने 700 लोगों को गिरफ्तारी किया**

ईरान ने 12 दिन चले संघर्ष के दौरान 700 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन पर इजराइल से संबंध होने का आरोप है। यह जानकारी ईरान से जुड़े सरकारी मीडिया प्लेटफॉर्म नूरन्यूज ने दी है। इन लोगों पर संघर्ष के दौरान इजराइली खुफिया एजेंसी मोसाद से संबंध रखने और दुश्मन के पक्ष में काम करने का आरोप है। ईरान ने इजराइल के लिए जासूसी के आरोप में तीन लोगों को आज सुबह फांसी पर लटका दिया है। इनके नाम इदरीस अली, आजाद शुजाई और रसूल अहमद रसूल हैं।

### ईरान पर हमले को लेकर अमेरिकी संसद की गोपनीय ब्रीफिंग टली

ट्रम्प प्रशासन ने ईरान पर अमेरिकी हमले को लेकर सीनेट और हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स के सदस्यों के लिए तय गोपनीय ब्रीफिंग को टाल दिया है। सूत्रों के हवाले से बताया कि सीनेट की ब्रीफिंग अब गुरुवार को होगी, ताकि रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ और विदेश मंत्री मार्को रुबियो उसमें शामिल हो सकें। वहीं, हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स की ब्रीफिंग शुक्रवार तक टाल दी गई है। यह जानकारी हाउस स्पीकर माइक जॉनसन ने दी।

# दिल्ली के रिठाला में भीषण आग, चार शव मिले

**नई दिल्ली।** रिठाला मेट्रो स्टेशन के पास एक फैक्टरी में आग लगने का मामला सामने आया है। घटना मंगलवार शाम की बताई जा रही है। आग लगने की सूचना तुरंत दमकल विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही दमकल की करीब 16 गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का काम शुरू किया गया। घटनास्थल से चार लोगों के शव बरामद किए गए हैं। वहीं, तीन लोग आग में झुलस गए हैं जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



जानकारी के मुताबिक, रिठाला मेट्रो स्टेशन के पास मंगलवार रात एक पॉलिथीन बनाने की एक तीन मंजिला फैक्टरी में आग लग गई। प्लास्टिक का सामान होने की वजह से कुछ ही देर में आग पूरी इमारत में फैल गई। फैक्टरी में मौजूद लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। सूचना मिलते ही दमकल की 16 गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। आग में झुलसकर चार लोगों की मौत हो गई है। उनके शव बरामद कर लिये गए हैं। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि मंगलवार रात करीब 7.25 बजे रिठाला मेट्रो स्टेशन के पास एक फैक्टरी में आग लगने की जानकारी मिली।



## गंगा का जलस्तर बढ़ा, राफ्टिंग पूरी तरह से बंद

पर्वतीय क्षेत्रों में हो रही तेज बारिश का असर मैदानी भागों में भी दिखाई दे रहा है। गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। इसे देखते हुए गंगा नदी राफ्टिंग प्रबंधन समिति के सचिव जसपाल चौहान ने अग्रिम आदेश तक मंगलवार से राफ्टिंग के संचालन पर पूर्णतया रोक लगा दी है।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं विवेक खंडेलवाल मैनेजिंग डायरेक्टर बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित

प्रधान संपादक अरविन्द सिंह

RNI Ragistration No UPHIN/2021/88376

निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार

E MAIL newsnextindia1@gmail.com

Website:-www.nnindianews.com

(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

# कानपुर में नाबालिग छात्र ने किया मां का कत्ल

**कानपुर।** यूपी के कानपुर जिले से दिल दहलाने वाली खबर सामने आई है। तेज आवाज में गाना सुन रहे नाबालिग बेटे को टोकना मां के लिए मौत का सबब बन गया। मां ने आवाज धीमी करने को कहा तो गुस्साए 12वीं के छात्र ने पहले मां से बदजुबानी की। फिर जब मां ने उसे दो थप्पड़ मारे तो नाराज छात्र ने मां का उसी के दुपट्टे से गला घोंट दिया। छोटा भाई जब स्कूल से लौटा तो उसकी नजर अधखुले दीवान में पड़ी मां पर पड़ी। पड़ोसियों की मदद से उसने मां को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी छात्र को पकड़ लिया। वारदात मंगलवार दोपहर को रावतपुर थाना क्षेत्र में हुई।



35 वर्षीय महिला लंबे समय से मार्केटिंग का काम करने वाले एक युवक के साथ लिवइन में रह रही थी। उसके पति की करीब 17 साल पहले मौत हो चुकी है। महिला के 17 और 15 साल के दो बेटे हैं। बड़ा बेटा इलाके के एक कॉलेज में इंटरमीडिएट और छोटा नौवीं का छात्र है। छोटे बेटे के मुताबिक, साथ में रहने वाला युवक काम के सिलसिले में अक्सर बाहर ही रहता है। मंगलवार को वह बरेली में था। छोटे बेटे ने बताया कि मंगलवार सुबह वह स्कूल गया था, जबकि बड़ा भाई और मां घर पर थे। शाम करीब चार बजे वह कॉलेज से लौटा तो मां को कई बार आवाज दी, लेकिन वह नहीं दिखाई दी। मां को ढूंढता हुआ कमरे में पहुंचा तो सामने रखे दीवान से उनका दुपट्टा बाहर लटक रहा था।

**स्पीकर तोड़ने पर बढ़ी बात...**

पूछताछ में बड़े बेटे ने बताया कि वह दोपहर में किचन में बर्तन साफ करते समय स्पीकर पर तेज आवाज में गाने सुन रहा था। तबीयत ठीक न होने से मां दूसरे कमरे में आराम कर रही थीं। उन्होंने पीछे से आकर कुछ कहा लेकिन गाने की आवाज तेज होने से वह सुन नहीं पाया। इस पर मां ने गुस्से में स्पीकर पटककर तोड़ दिया। मां के दो थप्पड़ मारने पर वह आपे से बाहर हो गया और मां को धक्का देकर गिरा दिया। उनकी नाक से खून निकलने पर उसे लगा कि अब मां मारेगी तो उन्हीं के दुपट्टे से गला कस दिया। फिर दीवान में बंद कर दिया।

हत्यारोपी बेटे से पूछताछ की जा रही है। स्पीकर को लेकर हत्या की बात सामने आई है। आरोपी साइको प्रवृत्ति का लग रहा है।

– दिनेश त्रिपाठी, डीसीपी वेस्ट

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI
हर खबर पर पक्की नज़र

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

आगरा ब्रज

बुधवार, 25 जून, 2025 www.nnindianews.com



# एक मोबाइल ने ले ली तीन युवकों की जान



## कुएं में थी जहरीली गैस, अंदर जाते ही हुए बेहोश; मदद पहुंचने से पहले हो गई मौत

**फिरोजाबाद** एनएनआई। शिकोहाबाद में मोबाइल निकालने कुएं में उतरे चाचा-भतीजों को बाहर निकालने में प्रशासन की लेटलतीफी एवं बदइंतजामी सामने आई। फायर ब्रिगेड की टीम खराब ऑक्सीजन सिलिंडर लेकर ही मौके पर पहुंच गया। सिलिंडर से गैस का रिसाब हो रहा था। दूसरा सिलिंडर एक घंटे बाद लाया जा सका। लेटलतीफी को देखकर ग्रामीणों में गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने कई बार विरोध प्रकट किया। जिसको सीओ ने किसी तरह ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया।

**कुएं में थी जहरीली गैस**

शिकोहाबाद के नगला पोहपी में कुएं में गिरे मोबाइल को निकालने बारी-बारी कुएं में उतरे चचेरे भाई ध्रुव कुमार, अजय कुमार एवं अजय का चाचा चंद्रवीर कुएं में जहरीली गैस होने के चलते बेहोश हो गए थे। उनको कुएं से बाहर निकालने के लिए ग्रामीणों समेत प्रशासनिक अमला भी मौके पर आ गया था।

**खराब ऑक्सीजन सिलिंडर लेकर पहुंची टीम**

प्रशासनिक अधिकारियों ने तत्काल ही फायर ब्रिगेड की टीम को भी मौके पर बुला लिया। घटना की जानकारी मिलने पर शिकोहाबाद फायर ब्रिगेड प्रभारी बृजेश कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर आ पहुंचे, लेकिन जैसे ही फायरकर्मी को ऑक्सीजन सिलिंडर लगाकर कुएं में प्रवेश करने के लिए भेजा गया। वैसे ही सिलिंडर से गैस का रिसाव होने लगा। एडीएम विशु राजा, एसडीएम डॉ. गजेंद्र सिंह समेत तमाम पुलिसकर्मियों एवं खुद अग्निशमन प्रभारी बृजेश कुमार ने सिलिंडर को ठीक करने का प्रयास किया, लेकिन रिसाव जारी रहा। ऐसे में कुएं से तीनों को बाहर निकलवाने में लगभग दो घंटे की देरी हो गई।

**बदइंतजामी देख फूटा ग्रामीणों का गुस्सा**

फायर ब्रिगेड की बदइंतजामी के चलते प्रशासनिक अधिकारी भी असहाय हो गए। यह देख ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीण महिला-पुरुषों ने अधिकारियों पर गुस्सा प्रकट किया। ग्रामीणों के बढ़ते हुए गुस्से को देखकर सीओ प्रवीण तिवारी एवं इंस्पेक्टर अनुज राणा ने माइक लेकर सभी ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया। दोपहर पौने तीन बजे करीब दूसरा ऑक्सीजन सिलिंडर एवं एफएसओ सतेंद्र पाण्डेय के आने के बाद रेस्क्यू शुरू किया जा सका। तीनों के शवों को कुएं से बाहर निकाला जा सका।

**रोते-रोते बेसुध हो गई अजय की मां**

अजय की मां अरना देवी एवं पत्नी पिंकी देवी और उसके दोनों बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल था। वह बार-बार बेसुध हो रही थीं। ग्रामीण महिलाओं ने भी प्रशासनिक अधिकारियों एवं फायर ब्रिगेड की लेटलतीफी पर उन्हें जमकर खरीखोटी सुनाई।

**10 ऑक्सीजन सिलिंडर हुए खाली**

सीएफओ सत्येंद्र पांडेय ने बताया कि युवकों को कुएं से बाहर लाने के लिए 2.30 घंटे से अधिक का समय लग गया। दो फायरमैन नेत्रपाल और योगेंद्र को ऑक्सीजन सिलिंडर के सहारे कुएं में भेजा गया था। रेस्क्यू में 4-4 किलो के 10 ऑक्सीजन सिलिंडर खाली हो गए।

# मुठभेड़ में चार लुटेरे पकड़े

## पैर में गोली लगने से घायल, 1.60 लाख रुपए और हथियार बरामद

एनएनआई



**मथुरा।** महावन थाना क्षेत्र में एसओजी और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में चार शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया गया है। बरेली हाइवे के पास हुई मुठभेड़ में चारों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हुए, जबकि एक बदमाश फरार हो गया। गोली लगने से घायल हुए बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गिरफ्तार बदमाशों में आकाश निषाद उर्फ मरिया, विशाल उर्फ कल्लू डॉन, मोहित उर्फ अजय और परवेज शामिल हैं। फरार बदमाश की पहचान अमित यादव के रूप में हुई है। ये गिरोह रात में मोटरसाइकिल सवारों को तमंचे के बल पर रोककर चेन, मोबाइल और पैसे लूटता था।

21-22 जून की रात लक्ष्मीनगर महावन रोड पर नगला पापरी के सामने इन्होंने एक व्यक्ति से सोने की चेन, मोबाइल और 5000 रुपए लूटे थे। बदमाशों ने लूटी गई सोने की चेन को बैंक में रखकर 1,60,000 रुपए का गोल्ड लोन ले लिया था।

पुलिस ने बदमाशों से 1.60 लाख रुपए, लूटा हुआ नथिंग कंपनी का मोबाइल, 4 अवैध तमंचे, 6 जिंदा कारतूस, 10 खोखा कारतूस बरामद किए हैं। इसके अलावा लूट में प्रयुक्त एक चोरी की बाइक और एक स्कूटी भी बरामद की गई है।

एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत ने कहा- मौका पाकर फरार हुए बदमाश की तलाश के लिए पुलिस की टीम लगी हुई है। जल्द ही फरार बदमाश को गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा- पकड़े गए बदमाशों की आपराधिक इतिहास भी है। बताया गया कि इन बदमाशों से अन्य घटनाओं के बारे में भी पूछताछ की जा रही है। यह बदमाश काफी लंबे समय से क्षेत्र में लूट , छिनैती जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे थे।


## एंबुलेंस में शॉर्ट सर्किट से आग, मरीज को लेने जाते समय हादसा

**फिरोजाबाद** एनएनआई। शिकोहाबाद में एक एंबुलेंस में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। यह घटना सुभाष तिराहा के पास हुई। एंबुलेंस कर्मी दीपक और जितेंद्र नौशहरा गांव से एक बीमार बच्चे को लेने जा रहे थे। सुभाष तिराहा के पास एंबुलेंस के चालक केबिन में अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ। केबिन के नीचे से आग की लपटें निकलने लगीं। चालक ने तुरंत एंबुलेंस रोकी और नीचे उतर आए। उन्होंने फायर सिलेंडर और पानी से आग को बुझा दिया। सौभाग्य से घटना के समय एंबुलेंस में कोई मरीज नहीं था। चालक की सूझबूझ से बड़े हादसे से बचा जा सका। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। एंबुलेंस चालक ने बताया कि पहले धुआं निकला। वह समझ नहीं पाया की धुंआ कहां से निकल रहा है। तभी देखते ही देखते आग लग गई। खिड़की खोलकर उन्होंने छलांग लगा दी। गाड़ी में रखे सिलेंडर और पानी की मदद से आग पर काबू पाया। मनीष को लाने के लिए उन्होंने दूसरी एम्बुलेंस को भेजा।



# समिति ने बच्चों को दिल्ली के दो परिवारों को सौंपा

- 7-7 माह के दो शिशुओं को पुलिस ने कराया था मुक्त
- बच्चा चोर गिरोह ने बेचे थे बच्चे




एनएनआई

**हाथरस।** बाल कल्याण समिति ने दिल्ली से बरामद हुए दो बच्चों को दिल्ली के ही दो परिवारों को अस्थाई रूप से सुपुर्द कर दिया है। बता दें कि पिछले दिनों हाथरस पुलिस ने एक बच्चा चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया था। इस गिरोह में कई महिलाएं भी शामिल थी। यह गिरोह शिशुओं से लेकर 4 साल तक के बच्चों का अपहरण कर उन्हें मोटी रकम लेकर बेचता था। गिरोह का नेटवर्क विभिन्न अस्पतालों में भी था।

गिरोह दिल्ली से लेकर झारखंड, आंध्र प्रदेश तक अपनी गतिविधियां संचालित करता था। गिरोह ऐसे दंपतियों को बच्चे बेचता था। जोकि संतान सुख से वंचित थी। गिरोह की एक महिला सदस्य की रिमांड पर लेकर पुलिस ने दिल्ली की विकासपुरी से दो बच्चों को मुक्त कराया था। यह दोनों बच्चे सात-सात माह के हैं। इन दोनों बच्चों को भी मोटी रकम लेकर बेचा गया था। बरामद बच्चों को हाथरस में बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया था। बच्चों का स्वास्थ्य ठीक नहीं था ऐसे में बाल कल्याण समिति के आदेश पर दोनों बच्चों को जिला अस्पताल के एनआरसी में भर्ती करा दिया गया था। बाल कल्याण समिति के समक्ष यह मामला फिर प्रस्तुत हुआ। अब बाल कल्याण समिति ने इन दोनों बच्चों को दिल्ली के ही दो परिवारों को अस्थाई रूप से सुपुर्द कर दिया है।

# यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे बसेगा सपनों का शहर

आगरा से जेवर तक नए शहर में आसमान छुएंगे जमीनों के दाम

14 लाख लोगों को मिलेगा घर, हर सुविधाओं से लैस होगा शहर

एनएनआई

**आगरा।** यमुना एक्सप्रेस-वे किनारे कुबेरपुर से जवर तक बसने वाला आगरा अर्बन सेंटर सपनों के शहर जैसा होगा। थीम पार्क, होटल, कन्वेंशन सेंटर, स्पोर्ट्स सिटी से लेकर उद्योग व आवासीय कॉलोनियां बसेंगी। इसका मास्टर प्लान तैयार हो चुका है। मंगलवार को यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ ने जेपी होटल में स्टेक होल्डर्स के साथ बैठक में अर्बन सेंटर का प्रजेंटेशन दिया। अरुणवीर सिंह ने बताया कि करीब 12 हजार हेक्टेयर में बसने वाली इस अर्बन सिटी में 25 प्रतिशत भूमि औद्योगिक होगी। इसमें गैर प्रदूषणकारी उद्योग, पर्यटन से जुड़े उद्योगों को प्राथमिकता मिलेगी। करीब 2 हजार हेक्टेयर भूमि उद्योग व एक हजार हेक्टेयर पर्यटन के लिए आरक्षित है। करीब 14 लाख लोग रहेंगे। चार चरणों में विकसित होने वाली इस सिटी का पहला चरण 2025-2029 तक पूरा होगा।

मास्टर प्लान के मुताबिक 2041 तक पूरा नया शहर बसेगा। नई अर्बन सिटी के लिए पानी की व्यवस्था यमुना और लोअर गंगा कैनाल से की जाएगी। बैठक में फुटवियर व चर्म विकास परिषद अध्यक्ष पूरन डावर ने जेवर में लेदर पार्क के लिए 100 एकड़ भूमि का सुझाव दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता केसी जैन ने भूमि अधिग्रहण को सरल बनाने की बात कही। मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहाकि टीटीजेड में उद्योगों पर लगी रोक जल्द खत्म हो जाएगी। सुप्रीम कोर्ट में सरकार प्रभावी पैरवी कर रही है।



प्रजेंटेशन के बाद सीईओ ने 15 दिन में स्टेक होल्डर्स से आपत्तियां व सुझाव मांगे हैं। इसके बाद इस अर्बन सिटी योजना को अंतिम रूप दिया जाएगा।

**औद्योगिक क्षेत्र से शुरूआत,**

**14.6 लाख बनेंगे आवास**

नए शहर के पहले चरण में औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाएगा, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इस स्मार्ट शहर में 14.6 लाख लोगों के लिए आवासीय सुविधा और करीब 8.5 लाख लोगों के लिए रोजगार सृजन की योजना है। शहर का विकास पहले 36 गांवों में होगा, जिसके बाद शेष 58 गांवों की 9500 हेक्टेयर भूमि को शामिल करते हुए विस्तार होगा। यहां आवासीय, औद्योगिक, वाणिज्यिक, हरित क्षेत्र और आधुनिक ट्रांसपोर्ट सुविधाएं प्रस्तावित हैं।

## कई कॉलोनियों में पीएनजी आपूर्ति ठप

एनएनआई

**आगरा।** शहर की कई कालो नियों में बीती शाम चूल्हे नहीं जले। लोगों ने बाजार से खाना मंगा कर गुजारा किया।

दरअसल मोबाइल कंपनी एयरटेल की लापरवाही से मंगलवार शाम 4:30 बजे बैंक कॉलोनी स्थित झूलेलाल अपार्टमेंट के पास पीएनजी आपूर्ति करने वाली 90 एमएम की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। शाहगंज क्षेत्र में जयपुर हाउस सहित 50 से अधिक कॉलोनियों में रात को गैस नहीं आई। करीब 10 हजार उपभोक्ता प्रभावित हुए हैं। इसके चलते जयपुर हाउस, साकेत कॉलोनी, बैंक कॉलोनी, प्रताप नगर, मानस नगर, मारुति एस्टेट, सीओडी कॉलोनी, सोरो कटरा, सुलहकुल नगर, गोकुल नगर, चंदन नगर, चाणक्यपुरी सहित 50 से अधिक कॉलोनियों में रात को खाना बाजार से खरीदना पड़ा। जयपुर हाउस निवासी जय पुरसनानी ने बताया कि पीएनजी हेल्पलाइन पर



संपर्क नहीं हो पा रहा। अधिकारी फोन नहीं उठा रहे। पीएनजी चीफ मैनेजर किशन सिंह ने बताया कि बरसात के दिनों में खुदाई पर रोक है। फिर भी बिना किसी सूचना के एयरटेल कर्मियों ने मशीन से खुदाई की। क्षतिग्रस्त गैस लाइन की मरम्मत शुरू हो गई है। आज सुबह तक आपूर्ति बहाल होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## ससुराल में आया और बोल गया तलाक-तलाक-तलाक

▶▶ पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच

एनएनआई

**आगरा।** थाना छत्ता क्षेत्र के एक युवक ने कई साल तक युवती का शारीरिक शोषण किया। विरोध जताने पर मुकदमे के डर से 2019 में दरगाह में ले जाकर निकाह कर लिया। बाद में मारपीट करने लगा। परेशान होकर पीड़िता मायके चली गई। जहां आकर पति ने सब के सामने तीन बार तलाक बोल दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है।

पीड़िता ने मुकदमा दर्ज कराकर आरोप लगाया कि 2019 से पहले छत्ता थाना क्षेत्र के जोंस मिल के पास निवास करने वाले रहीस से उसके प्रेम संबंध थे। आरोपी ने निकाह का वादा कर कई साल तक शारीरिक शोषण किया। निकाह के नाम पर टालमटोल करने लगा। विरोध जताने पर

मुकदमे के डर से 4 अप्रैल 2019 को सिकंदरा थाना क्षेत्र की एक दरगाह में जाकर निकाह कर लिया। बाद में मारपीट करने लगा।

पति के उत्पीड़न से परेशान होकर पीड़िता मायके आ गई। आरोपी वहां भी आ गया। सभी के सामने गाली-गलौज कर तीन बार तलाक बोल दिया। एसीपी छत्ता पियूष कांत राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। साक्ष्य संकलन कर कार्रवाई की जाएगी।

## लापता किशोरी 24 घंटे बाद बदहवास मिली

एनएनआई

**आगरा।** ट्रांसयमुना क्षेत्र से लापता किशोरी 24 घंटे बाद मिली। पीड़िता के पिता ने केस दर्ज कराया था। 12 साल की बेटी चांदी के कारखाने में काम करती थी। आरोप है कि रविवार को कारखाना संचालक नीरज कुमार बेटी को साथ ले गया था।

सोमवार देर रात 24 घंटे बाद किशोरी बदहवास हालत में रामबाग पुल के नीचे मिली। एसीपी छत्ता पीयूष कांत राय ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर केस दर्ज किया गया है।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

## रोहता गौशाला पर लगी भू माफिया की नजर!

किसान नेता ने शासन-प्रशासन से लगाई बचाने की गुहार

एनएनआई

**आगरा।** रोहता गौशाला पर भूमाफियाओं की नजर है। किसान नेता श्याम सिंह चाहर ने शासन-प्रशासन से गौशाला को भूमाफिया से बचाने की मांग की है।

ग्राम प्रधान की शिकायत पर मंगलवार को डीडीओ आगरा सीवीओ और वीडीओ बरौली अहीर अशोक चौबे ने गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान

ग्राम प्रधान पति दशरथ सिंह और ग्राम पंचायत सचिव किसान नेता श्याम सिंह चाहर आदि मौजूद रहे।

इस दौरान किसान नेता श्याम सिंह चाहर ने जिला प्रशासन और यूपी सरकार से भू माफिया से गौशाला को बचाने की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि रोहता कि 50 करोड़ बेशकीमती जमीन पर भू माफिया की नजर है। उन्होंने कहा कि 132/लैंड की जमीन पर सेक्रेटरी ने कोई परमिशन नहीं ली। गौशाला बना दी। इसमें करोड़ों रुपए खर्च किए गए। 132 लैंड को बदलने को राज्यपाल की अनुमति ली जाती है। इस समय गौशाला में गौवंशो की हालत खराब है।कोई रख रखाव नहीं हो रहा है। गोशाला के अंदर बिना परमीशन के तलाब बना दिया गया है । उन्होंने इसकी जांच कराने की मांग की है। इस मौके पर रामू चौधरी, सुरेंद्र सिंह, तेजवीर, भोला, दशरथ और आनंद कुमार आदि मौजूद रहे।

## राज्यमंत्री ने लोगों की सुनी समस्याएं

एनएनआई

**आगरा।** प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) होमगार्ड विभाग एवं नागरिक सुरक्षा विभाग, धर्मवीर प्रजापति मंगलवार को शहर के डेरा सरस, प्रजापति बस्ती और नाई की मंडी पहुंचे। उन्होंने यहां माटी कला व्यवसाय से जुड़े लोगों की विभिन्न समस्याओं को सुना और उनके तत्काल समाधान के लिए पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि माटी आपूर्ति के लिए अधिकृत ट्रैक्टरों व वाहनों के नंबर लेकर माटी कला से जुड़े लोगों को पास जारी किए जाएं या कोई अन्य व्यवस्था अविलंब सुनिश्चित की जाए।



गौरतलब है कि डेरा सरस, प्रजापति बस्ती और नाई की मंडी के अधिकांश निवासी माटी कला के व्यवसाय से जुड़े हैं। उपस्थित लोगों ने मंत्री को बताया कि व्यवसाय के लिए मिट्टी की सुचारू आपूर्ति में बाधाएं आ रही हैं। मिट्टी का उठान देवरी रोड, रायभा, अछनेरा जैसे क्षेत्रों से किया जाता है, लेकिन मिट्टी उठाने के बाद शहर में लाते समय पुलिस और प्रशासन द्वारा उनके ट्रैक्टरों व अन्य वाहनों को रोक दिया जाता है। इससे उनकी आजीविका और व्यवसाय चलाने में भारी कठिनाई होती है। मंत्री प्रजापति ने मौके पर ही अपर जिलाधिकारी (वित्त व राजस्व) शुभांगी शुक्ला, उप जिला मजिस्ट्रेट (तहसील सदर) सचिन राजपूत, खनन इंस्पेक्टर और डीसीपी ट्रैफिक अभिषेक अग्रवाल को तलब किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह समस्या केवल डेरा सरस, प्रजापति बस्ती और नाई की मंडी तक सीमित नहीं है, बल्कि पंचकुइया, शाहदरा, नुनिहाई, प्रकाश नगर, धनौली सहित उन सभी क्षेत्रों में है, जहाँ माटी कला कार्य किया जा रहा है।खनन इंस्पेक्टर ने बताया कि 100 घन मीटर तक पंजीकरण कराने वाले माटी कला से जुड़े व्यक्ति बिना शुल्क दिए मिट्टी प्राप्त कर सकते हैं। इस पर मंत्री ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को भी माटी कला से जुड़े लोगों का सहयोग करने और मिट्टी आपूर्ति करने वाले वाहनों को न रोकने का निर्देश दिया। इस दौरान उपजिला मजिस्ट्रेट (सदर) सचिन राजपूत, पार्षद मुन्ना सिंह प्रजापति सहित बड़ी संख्या में माटी कला से जुड़े लोग मौजूद रहे।

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

अपना आगरा

05

हर खबर पर पक्की नज़र

बुधवार, 25 जून, 2025 www.nnindianews.com

नगर निगम की लापरवाही का दंश झेल रहे छत्ता वार्ड के बाशिंदे

## गड्ढों और जलभराव से निकलना हुआ दूभर



एनएनआई

**आगरा।** यूं तो गर्मी के बाद बारिश आम लोगों के लिए खुशियों की सौगात लेकर आती है। मानसूनी बारिश खेती के लिए अमृत, पेयजल संकट और गर्मी से राहत देती है, लेकिन पुराने शहर छत्ता वार्ड के लोगों के लिए यह मुसीबत से कम साबित नहीं होती।

छत्ता वार्ड के बेलनगंज, कचहरी घाट, बारह भाई गली के हालातों में कोई सुधार नहीं हुआ। गंदगी, गड्ढों और जलभराव से ये इलाके बेजार हैं। विकास से अछूते इस वार्ड में जगह-जगह खतरनाक गड्ढे हादसों का सबब बन रहे हैं। बारिश के मौसम में गड्ढों में पानी भरने से उनकी गहराई का अंदाजा नहीं होता और लोग दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। स्थानीय लोगों ने कई बार शिकायत की लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। जनप्रतिनिधियों का तो जैसे लोगों की तकलीफों का कोई सरोकार ही नहीं है।

बारह भाई गली में जलभराव छत्ता वार्ड के बारह भाई गली के पास 2 दिन से जलभराव हो रहा है। लोगों को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अनेकों बार क्षेत्र के सुपरवाइजर से शिकायत की गई, लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं किया गया। इसको लेकर लोगों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि जलभराव से इलाके में संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है। इसके बाद भी नगर निगम अपनी जिम्मेदारी से भाग रहा है।





## प्रतिबंधित प्लास्टिक गिलास से भरा ट्रक पकड़ा

- नगर निगम ने की कार्रवाई, ट्रांसपोर्टरों को दी चेतावनी



एनएनआई

**आगरा।** नगर निगम ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान के तहत एक बड़ी कार्रवाई करते हुए प्लास्टिक गिलास से भरे ट्रक को पकड़ लिया। यह ट्रक दिल्ली से धौलपुर की ओर जा रहा था और जीएसटी विभाग द्वारा जांच के दौरान रोका गया। नगर निगम के अतिक्रमण प्रभारी डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि ट्रक से 22 कार्टून बरामद हुए हैं, जिनमें लगभग 1.5 टन प्रतिबंधित प्लास्टिक गिलास भरे थे। यह स्पष्ट उल्लंघन राज्य सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक पर लगाए गए पूर्ण प्रतिबंध का है। उन्होंने कहा कि जब्त ट्रक के मालिक और माल से संबंधित दस्तावेजों की जांच की जा रही है। नियमानुसार जुमार्ना लगाया जाएगा और प्लास्टिक सामग्री को नष्ट करने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। नगर निगम पहले भी कई बार प्लास्टिक गिलास और पॉलीथिन के खिलाफ अभियान चला चुका है। दुकानों से पॉलीथिन जब्त कर उन पर जुमार्ना लगाया गया है। नगर निगम प्रशासन ने व्यापारियों और ट्रांसपोर्टरों से अपील की है कि वे सरकार के आदेशों का पालन करें और प्रतिबंधित प्लास्टिक उत्पादों का उपयोग व व्यापार न करें। उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

## प्रभावित गांवों की सुध ले शासन: रोजगार, जलनिकासी और सफाई को लेकर सिविल सोसायटी का अलर्ट

एनएनआई

**आगरा।** सिविल एयरपोर्ट (सिविल एन्क्लेव) परियोजना से प्रभावित धनौली, बल्हेरा और अभयपुरा गांवों के लोगों की बिगड़ती स्थिति को लेकर सिविल सोसायटी ऑफ आगरा ने शासन से ठोस कार्ययोजना की मांग की है। सोसायटी के सचिव अनिल शर्मा ने मुख्य विकास अधिकारी से अनुरोध किया है कि किसी वरिष्ठ अधिकारी द्वारा स्थलीय निरीक्षण कराया जाए, ताकि समस्याओं का प्रत्यक्ष आकलन हो सके। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में खेतिहर मजदूरों के सामने रोजगार का संकट है, वहीं बरसात के साथ जलभराव, गंदे नालों और जलनिकासी की समस्याएं ग्रामीणों का जीवन कठिन बना रही हैं। धनौली-मलपुरा नहर पुल क्षेत्र की स्थिति सबसे अधिक दयनीय बताई गई है, जहां जल निकासी की कोई



ठोस व्यवस्था नहीं है। विशेषज्ञों ने सुझाव दिया है कि सभी नालों का पानी एकत्र कर एसटीपी के माध्यम से ट्रीट कर निस्तारित किया जाए और इसे पारंपरिक तालाबों और पोखरों तक पहुंचाया जाए, जिससे पशुपालन और दुग्ध व्यवसाय को पुनर्जीवित किया जा सके। अनिल शर्मा ने बताया कि भूमि अधिग्रहित किसानों को मुआवजा तो मिला, लेकिन खेतिहर मजदूरों के लिए कोई पुनर्वास या वैकल्पिक रोजगार योजना नहीं बनी। इस संबंध में वीवी गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान, नोएडा को पत्र भेजकर श्रमिकों की स्थिति पर अध्ययन की मांग की गई है। सिविल सोसायटी ने जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वे इस गंभीर मुद्दे को विधानसभा के मानसून सत्र में उठाएं और विद्यालयों व सार्वजनिक सुविधाओं के पुनर्निर्माण के लिए फंड की मांग करें।

# आगरा बना वित्तीय जागरूकता का केंद्र, मेगा आरआईएसए ने दिखाया रास्ता

एनएनआई



**आगरा।** आगरा के सूरसदन हॉल में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) द्वारा एक मेगा रीजनल इन्वेस्टर सेमिनार (मेगा आरआईएसए) का आयोजन किया गया। सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम निवेशकों को जागरूक बनाना, वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के तरीके बताना रहा।

सेमिनार में बीएसई, एमसीएक्स, सीडीएसएल, एनसीडीईएक्स और एएमएफआई जैसी मार्केट इंफ्रास्ट्रक्चर संस्थाओं का भी सहयोग रहा। इसमें सरकारी अधिकारी, पुलिस व सेना के प्रतिनिधि, एमएसएमई कारोबारी, प्रोफेशनल्स और छात्र बड़ी संख्या में शामिल हुए। एनएसई के श्रीकृष्णन अय्यर ने कहा कि भारत की आर्थिक प्रगति के तीन मुख्य स्तंभ झ विश्वास, पारदर्शिता और तकनीक हैं। वित्तीय समावेशन का अर्थ केवल सुविधा की उपलब्धता नहीं, बल्कि सही जानकारी और सतर्कता भी है। उन्होंने बताया कि मेगा आरआईएसए जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हर नागरिक सुरक्षित और समझदारी से निवेश कर सके। कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा निवेश, म्यूचुअल फंड, साइबर सुरक्षा और निवेशकों के अधिकारों जैसे विषयों पर संवाद और प्रेजेंटेशन हुए। इसके अलावा डिजिटल स्टॉल और इंटरेक्टिव डिस्प्ले के माध्यम से निवेशकों को बाजार से जुड़े कई पहलुओं की जानकारी दी गई। उत्तर प्रदेश तेजी से निवेश के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनता जा रहा है। अप्रैल 2025 तक यूपी में 1.3 करोड़ से अधिक निवेशक पंजीकृत हो चुके हैं और म्यूचुअल फंड निवेश में भी राज्य की अहम हिस्सेदारी रही है। एनएसई ने वर्ष 2024-25 में देशभर में 14,679 निवेशक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए, जिनसे 8 लाख से अधिक लोग जुड़े। आगरा में यह आयोजन इस दिशा में एक प्रेरणास्पद प्रयास रहा।

# कवियों ने रानी दुर्गावती की महिमा से मोहा श्रोताओं का मन

## संस्कार भारती ने सातवीं नमन गोष्ठी का किया आयोजन

एनएनआई



**आगरा।** संस्कार भारती, आगरा महानगर (बृज प्रांत) की ओर से रानी दुर्गावती की स्मृति में सातवीं नमन काव्य गोष्ठी का आयोजन श्रीराम मंदिर, जयपुर हाउस में सम्पन्न हुआ। जिसमें प्रांतीय कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, अध्यक्ष इंजीनियर सुरेश चंद्र अग्रवाल, ब्रजभाषा के वरिष्ठ कवि एवं श्रीराम कथावाचक योगेश चंद्र शर्मा 'योगी' उपस्थित रहे। वरिष्ठ कवि डॉ. राजेन्द्र मिलन की कविता 'गोंडवाना की महारानी वीरांगना दुर्गावती' ने करतल ध्वनि के साथ श्रोताओं का मन जीत लिया। कवयित्री डॉ. राज फौजदार ने शब्दों की शक्ति को दशार्ते हुए भावपूर्ण रचना सुनाई। कवयित्री सुमन शर्मा 'पावक' ने रानी दुर्गावती की वीरता को समर्पित कविता सुनाई – वरिष्ठ ब्रजभाषा कवि ब्रज बिहारी लाल 'बिरजू' ने अपनी मार्मिक रचना से वर्तमान स्थितियों को उजागर किया – काव्यपाठ करने वाले अन्य प्रमुख कवियों में डॉ. शेषपाल सिंह 'शेष', राजीव क्वात्रा 'आगरावासी', उमाशंकर पाराशर 'आचार्य', इंदल सिंह 'इंदु', डॉ. आभा (राज्य ललित कला अकादमी, लखनऊ), कामेश मिश्रा "सनसनी", डॉ. हरवीर परमार, रामेंद्र शर्मा 'रवि', अजय कुमार मिश्रा 'अजेय' आदि शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन आचार्य उमाशंकर पाराशर ने किया तथा संयोजन नंद नंदन गर्ग (प्रांतीय उपाध्यक्ष, संस्कार भारती) ने किया। धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री ओम स्वरूप गर्ग ने किया। इस अवसर पर दिनेश चंद्र चूड़ामणि, सतीश गुप्ता, सुनील मित्तल, मृदुल और दीप्ति कुलश्रेष्ठ, दीपक गर्ग, अशोक फौजदार सहित अनेक साहित्य प्रेमी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# किसानों को बताई उर्वरक और उत्पादों की खासियत

## कृभको ने किसान समृद्धि केंद्र पर जागरूकता सभा का किया आयोजन




एनएनआई

**आगरा।** कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड (कृभको), आगरा द्वारा प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र, साधन सहकारी समिति लिमिटेड, जगनेर पर एक किसान जागरूकता सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चंद्रशेखर शर्मा (समिति अध्यक्ष) मुख्य अतिथि के रूप में, डॉ. शैलेंद्र कुमार शर्मा (कृषि सलाहकार, कृषि विज्ञान केंद्र, बसेड़ी) विशिष्ट अतिथि के रूप में एवं सत्यवान सिंह चौहान (सचिव, साधन सहकारी समिति, मेवली) अध्यक्षता कर रहे थे। सभा की शुरूआत प्रवेश कुमार सिंह (क्षेत्र प्रतिनिधि, कृभको, आगरा) ने अतिथियों और किसानों के स्वागत से की। उन्होंने कृभको के उर्वरक एवं जैविक उत्पादों की उपयोगिता और उनकी खेती में भूमिका की जानकारी दी। डॉ. शैलेंद्र कुमार शर्मा ने कृभको के उत्पादों के प्रभाव पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि इनके उपयोग से न केवल फसल की उपज में वृद्धि होती है बल्कि कृषि लागत में कमी और लाभ में वृद्धि भी सुनिश्चित होती है। समिति सचिव भागीरथ सिंह ने किसानों से डीएपी के स्थान पर जैविक और वैकल्पिक उत्पादों के प्रयोग को बढ़ावा देने की अपील की, जिससे भूमि की उर्वरता बनी रहे और दीर्घकालिक लाभ हो। मुख्य अतिथि चंद्रशेखर शर्मा ने कृभको के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस तरह के आयोजन समिति परिसर में करने की इच्छा जताई।

सभा के अंत में प्रश्नोत्तरी सत्र आयोजित किया गया, जिसमें सही उत्तर देने वाले किसानों को निःशुल्क तरल जैव उर्वरक प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उम्मीद खान (संचालक समिति), मुनेश कुमार (लेखाकार), सोमेश कुमार (सहायक लेखाकार) सहित कुल 122 किसानों ने सक्रिय भागीदारी की।

# श्रीजगन्नाथ रथयात्रा में हरीनाम संग कीर्तन से भक्तिमय हुए श्रद्धालु

एनएनआई



**आगरा।** श्रीजगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव 2025 के तहत इस्कॉन मंदिर, आगरा की ओर से 27 जून को निकलने वाली भव्य रथयात्रा के लिए आमंत्रण यात्रा का आयोजन किया गया। मृदंग और मंजीरों की मधुर ध्वनि पर झूमते भक्तों ने हरे कृष्ण-हरे राम के कीर्तन संग श्रीजगन्नाथ, सुभद्रा और बलराम के विग्रह स्वरूप के साथ नगर भ्रमण किया। यह आमंत्रण यात्रा नूरी दरवाजा से प्रारम्भ होकर सिंधी बाजार, फव्वारा, किनारी बाजार, रावत पाड़ा, दरेसी, कचहरी घाट होते हुए बेलनगंज तिराहा पर विश्राम को पहुंची। इस्कॉन आगरा के अध्यक्ष अरविन्द प्रभु ने भगवा ध्वज दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया। पूरे मार्ग में भक्तों ने यात्रा का माल्यार्पण और पुष्पवर्षा से स्वागत किया। हरि नाम संकीर्तन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब गया। रथयात्रा महोत्सव के अंतर्गत 26 जून को नयन उत्सव और छप्पन भोग का आयोजन कमला नगर स्थित इस्कॉन मंदिर में किया जाएगा। 15 दिवसीय विश्राम के बाद श्रीजगन्नाथ, सुभद्रा और बलराम भक्तों को दर्शन देंगे। फूल बंगला दर्शन की भी विशेष व्यवस्था की गई है। 27 जून को बल्केश्वर महालक्ष्मी मंदिर से श्रीजगन्नाथ की रथयात्रा विधिवत प्रारम्भ होगी, जिसमें हजारों भक्त सम्मिलित होंगे। इस आयोजन में नितेश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, विमल फतेहपुरिया, नवीन सिंघल, संजय कुकरैजा, प्रदीप यादव, विपिन अग्रवाल, गोपीभव प्रभु, अनिल प्रभु, राजीव मल्होत्रा, प्रदीप बंसल, सूरज, शाश्वत नंदलाल सहित अनेक श्रद्धालु सम्मिलित हुए। अगली आमंत्रण यात्रा 25 जून को संजय प्लेस क्षेत्र में शाम 5 बजे आजाद पेट्रोल पंप से प्रारंभ होगी। सभी श्रद्धालुओं से रथयात्रा में सपरिवार सहभागी बनने की अपील की गई है।

# डा. मधु भारद्वाज ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत

एनएनआई




**आगरा/वृंदावन।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा, उत्तर प्रदेश कार्यकारिणी का प्रांतीय अधिवेशन वृंदावन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में डॉ. मधु भारद्वाज को महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किए जाने की घोषणा राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. बीडी शर्मा ने की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष पं. त्रिभुवन शर्मा ने की, जबकि पूर्व ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री शिवमोहन भारद्वाज, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष पं. बीडी शर्मा करोरिया विशिष्ट अतिथि रहे। डॉ. मधु भारद्वाज ने रुनकता को नगर पंचायत का दर्जा देने और उसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग प्रमुखता से उठाई। अधिवेशन में ब्राह्मण समाज के लिए सवर्ण आयोग के गठन और आरक्षण दिए जाने पर भी विस्तार से चर्चा हुई। प्रस्तावों को सरकार को भेजे जाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के 25 जिलों से आए पदाधिकारियों ने भाग लिया। मंच संचालन डॉ. मधु भारद्वाज और प्रदेश महामंत्री आचार्य राजेश शर्मा ने किया। आगरा से अरुण कान्त सारस्वत, ममता पचौरी, दीप्ति भार्गव, अनुपम चतुर्वेदी, शशांक भार्गव सहित कई लोग उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन मथुरा जिलाध्यक्ष दुष्यंत शर्मा और अनुराधा शर्मा ने किया।

NNI हर खबर पर पक्की नज़र न्यूज नेक्स्ट इंडिया



# ब्रज के स्वाद को मिलेगी वैश्विक पहचान

## 7000 से अधिक आगंतुकों संग फूड एक्सपो एंड कॉन्क्लेव 2025 का भव्य समापन

एनएनआई



**आगरा।** फूड प्रोसेसिंग उद्योग को विश्व मंच पर नई दिशा देने के उद्देश्य से रावी इवेंट्स के प्रबंधन में चैंबर ऑफ फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री एसोसिएशन द्वारा, भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के सहयोग से आयोजित हुए तीन दिवसीय फूड एक्सपो एंड कॉन्क्लेव 2025 का भव्यता के समापन हुआ।

मंगलवार को एक्सपो एंड कॉन्क्लेव 2025 के दिन की शुरूआत गंभीर चिंतन और मंथन के साथ हुई और शाम ढलते ढलते आयोजन के सहयोगी और उद्यमियों का सम्मान किया गया। आयोजन के तीनों दिन उमड़ी आगंतुकों की भीड़ से उद्यमी उत्साहित थे। एक्सपो में लगी प्रदर्शनी का समापन मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि फूड एक्सपो एंड कॉन्क्लेव माध्यम बना है ब्रज के स्वाद और खाद्य उत्पाद की पहचान दूर दूर तक ले जाने का।

तृतीय दिवस के प्रथम सत्र का शुभारंभ उप्र लघु उद्योग निगम अध्यक्ष राकेश गर्ग ने दीप प्रज्वलित कर किया। उनके साथ यूपीएसआईडीसी के एमडी राजकमल यादव, उपायुक्त उद्योग सोनाली जिंदल, सीएफपीआईए के अध्यक्ष राजकुमार भगत, महासचिव अनुज सिंघल, संरक्षक अजय अग्रवाल, लघु उद्योग भारती के जिलाध्यक्ष विजय गुप्ता, राकेश बंसल आदि उपस्थित रहे।



दर्जा राज्य मंत्री राकेश गर्ग ने कहा कि सरकार उद्यमिता के साथ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उद्यम विकास के सारे रास्ते खोल दिए हैं। बहुत जल्द कृषि भूमि पर भी उद्योग स्थापित हो सकेंगे।

### निर्यात उत्पाद और सुरक्षा पर चर्चा

आगरा में आयोजित फूड एक्सपो एंड कॉन्क्लेव 2025 में ईसीजीई के आगरा ब्रांच के मैनेजर राकेश कुमार ने निर्यात ऋण और ईसीजीसी द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले वित्तीय उपायों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि निर्यातकों और बैंकों को जोखिम बीमा, प्री-शिपमेंट और पोस्ट-शिपमेंट फाइनेंस कवर के माध्यम से निर्यात विकास को गति प्रदान करता है। ईसीजीसी निर्यातकों को कम बाजार जोखिम और बीमा सुरक्षा उपलब्ध कराता है। इससे बैंकों द्वारा फंडिंग पर विश्वास बढ़ता है और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के निर्यात को बढ़ावा मिलता है।

उप्र लघु उद्योग निगम के एमडी राजकमल यादव ने कहा कि एमएसएमई वन कनेक्ट योजना के माध्यम से छोटे एवं मध्यम उद्यमियों को एक ही मंच पर वित्तीय, तकनीकी, बाजार और परामर्श सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। अध्यक्ष राजकुमार भगत ने आयोजन की सफलता का श्रेय सभी उद्यमियों के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि

मुख्य सलाहकार मनीष अग्रवाल रावी ने कहा कि आगरा सहित संपूर्ण उत्तर प्रदेश के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए विश्व बाजार के मार्ग प्रशस्त करना हमारा उद्देश्य था जो कि सफल होता दिख रहा है।

समापन सत्र में बैंकिंग सेक्टर के सहयोग एवं योजना पर चर्चा की गई। जिसमें मुख्य रूप से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के डीजीएम एसवीएस नागेंद्र, सीए आरके जैन प्रो अपूर्व बिहारी लाल उपस्थित रहे।

आयोजन का समापन सभी प्रतिभागियों और सहयोगी उद्यमियों को संरक्षक राजेश अग्रवाल और सुभाष चंद्र अध्यक्ष राजकुमार भगत द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। धन्यवाद व्यक्त उपाध्यक्ष नितिन गोयल, विकास चतुर्वेदी, सिद्धार्थ अग्रवाल, आशीष गर्ग ने किया।

# ग्राहक बनें, जो भी खरीदें सोच समझकर खरीदें



एनएनआई

**आगरा।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत आगरा इकाई की एक अति महत्वपूर्ण बैठक श्री रामकृष्ण महाविद्यालय बलकेश्वर आगरा में आयोजित की गई। उद्घाटन मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं पर्यावरण आयाम प्रमुख डॉ प्रमोद पांडे रहे। प्रांतीय अध्यक्ष विष्णु कुमार अग्रवाल, जिला अध्यक्ष मुरारी लाल गोयल, प्रांतीय सचिव इंद्र भूषण कुलश्रेष्ठ ने बैठक का उद्घाटन किया।

बैठक के प्रारंभ में अपने उद्बोधन में डॉक्टर प्रमोद पांडे द्वारा कहा कि आप ग्राहक बने उपभोक्ता नहीं अर्थात जो भी खरीदें सोच समझ कर खरीदें। प्रांतीय अध्यक्ष विष्णु कुमार अग्रवाल ने बताया कि ग्राहक पंचायत ग्राहकों की समस्याओं का समाधान , संगठन एवं समन्वय के माध्यम से कराया जाता है। जिला अध्यक्ष मुरारी लाल गोयल ने ग्राहक पंचायत द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर चलाए जा रहे पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान के संकल्प पत्रक का विमोचन किया साथ ही एक लाख पर्यावरण संरक्षण संकल्प पत्र भरवा जाएंगे। साथ ही कार्यकर्ताओं का आव्हान किया कि वह जनता के बीच जाकर अधिक से अधिक संकल्प पत्र भरवा कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करें।

कल्याण मंत्र के साथ बैठक का समापन हुआ। बैठक में अशोक बाबू गुप्ता, हरिओम गोयल, सत्येंद्र पाठक,कुमकुम उपाध्याय, डॉ अंजु दिलयानी,डॉ मनिंदर कौर,राम प्रकाश अग्रवाल,विश्वनाथ भारद्वाज, अर्जुन पंडित, सुधीर आर्य, मयंक खंडेलवाल, मीनाक्षी शर्मा, विजय वर्मा, राकेश गुप्ता, बनवारी लाल अग्रवाल, अशोक अग्रवाल,रोहित ज्ञानी, अशोक कुमार गुप्ता, सुनील दिवाकर, पूजा जैन, पंकज अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# गुजरात व पंजाब उपचुनाव में आप की जीत पर मनाया जश्न

एनएनआई

**आगरा।** आम आदमी पार्टी महानगर अध्यक्ष आगरा दिलीप बंसल के नेतृत्व में हनुमान मंदिर सैंट जोंस चौराहे पर पूजा अर्चना कर गुजरात तथा पंजाब में उपचुनाव में जीत पर मिष्ठान वितरण करा गया जिसमें सभी कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें प्रमुख रूप से दिलीप बंसल, कपिल बाजपेई, सिद्धार्थ चतुर्वेदी, कृष्ण गोपाल उपाध्याय, कलुआ राम, मुन्ना भदोरिया, तरुण भार्गव, रवि गोयल, शफीक भाई, हेमेंद्र सिंघल, शानू कुरैशी, मेंबर सिंह, भीम यादव, शैलेंद्र, गायत्री, सपना गुप्ता, नमिता बाजपेई, प्रबल मित्तल, अयूब भाई, मुरली बाबा, देवेंद्र कुमार, यतीनंदन, रहीस भाई, बिट्टू पंडित, धर्मवीर सिंह, मुकेश सिंह और गोपाल शर्मा मौजूद रहे।



# परीक्षा नियंत्रक का किया घेराव

**आगरा** एनएनआई। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन आगरा कॉलेज अध्यक्ष अनिल कुमार सूर्यवंशी के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं की समस्याओं को लेकर परीक्षा नियंत्रक का घेराव किया। जिसमें हमारी मांगे सेकेंड, फोर्थ व सिक्स सेमेस्टर में री-एग्जम के छात्रों को फेल कर दिया गया। उनका परिणाम अपडेट नहीं किया गया। परिणाम अपडेट करने के संबंध में दिया। अनिल कुमार सूर्यवंशी अगर हमारी मांगो को जल्द ठीक नहीं किया तो विश्वविद्यालय घेराव किया जायेगा। इसका जिम्मेदार विश्वविद्यालय प्रशासन होगा।

इसमें मुख्य रूप से आगरा जिला अध्यक्ष सतीश सिकरवार, कुलदीप दीक्षित, सोनू ठाकुर, सौरभ सागर, श्याम सुंदर, सुमित पचौरी, वर्षा खान, प्रकाश कर्दम, आरव पांडे, आर्यन आदि उपस्थित रहे।



# उत्कृष्ट कार्यों के लिए 8 रेलवे कर्मचारी सम्मानित



**आगरा** एनएनआई। उत्तर मध्य रेलवे महाप्रबन्धक उपेन्द्र चन्द्र जोशी, प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी जेसीएस बोरा एवं उत्तर मध्य रेलवे के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में संरक्षा के प्रति किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए आगरा, झाँसी एवं प्रयागराज मण्डलों से मई 2025 माह के लिए चयनित कुल 08 रेल कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार प्रदान किए गए।

पुरस्कृत कर्मचारियों में 1. राम निहोरे, ट्रैकमैन, चित्रकूटधाम कर्वी, झाँसी मण्डल, 2. विपिन कुमार शुक्ल, लोको पायलट, प्रयागराज, 3. हरिओम मीना, उप टिकट निरीक्षक, ग्वालियर/झाँसी मण्डल, 4. हराधन गोरेन, प्वांट्समैन, पनहाई/ प्रयागराज मण्डल 5. पंकज कुमार सिंह, स्टेशन मास्टर, लोहगरा/प्रयागराज मण्डल 6. दीपक अग्रवाल, उप स्टेशन प्रबन्धक, खजराहा/झाँसी मण्डल, 7. कुलदीप सिंघल, स्टेशन मास्टर, मथुरा/आगरा मण्डल शामिल हैं। इसके अतिरिक्त अमरजीत सिंह गिल, उप मुख्य टिकट निरीक्षक, झाँसी/झाँसी मण्डल को विशेष सेवा पुरस्कार से सम्मनित किया गया।

कुलदीप सिंघल, स्टेशन मास्टर, मथुरा/आगरा मण्डल को मई 2025 के सर्वश्रेष्ठ रेलकर्मी के संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# लाखों के आभूषण समेत नकदी चोरी



एनएनआई

**पिनाहट।** कस्बा भदरौली में लाखों रुपए की आभूषण सहित हजारों की नगदी चोर ले गए। सुबह जागने पर गृह स्वामी की होश उड गए। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

भदरौली कस्बा के निवासी महेश बरुआ पुत्र सत्यनारायण के घर बीती रात कमरे का ताला तोड़कर अलमारी में रखे हुए लाखों के आभूषण सहित नकदी चोरों ने पार कर दिए। महेश बरुआ ने बताया कि ज्वेलरी में लगभग 4 तोले सोना सहित 1 किलो चांदी और 40000 रुपए नगद रखे हुए थे। चोर अलमारी का ताला तोड़कर इन्हें ले गए। जब गृह स्वामी सुबह जागा तो उसके होश उड़ गए। गृह स्वामी ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की। चौकी इंचार्ज भदरौली महेश राजपूत ने बताया कि मौके पर पहुंचकर जांच की जा रही है पुलिस टीम मामले का जल्द खुलासा करेगी।

# चंबल नदी का जलस्तर बढ़ा, स्टीमर संचालन बंद



एनएनआई

**पिनाहट।** चंबल नदी में पानी का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है जो बढ़कर लगभग 118 मीटर तक पहुंच गया। इसके बाद स्टीमर सेवा को बंद कर दिया गया। जिससे यात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार पिनाहट चंबल नदी में कोटा बैराज से 5 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद जल स्तर बढ़ गया जो बुधवार सुबह 118 मीटर तक पहुंच गया तथा चंबल नदी के किनारे स्थित प्राचीन शिव मंदिर पूर्ण रूप से जलमग्न हो गया। पानी की बढ़ती स्थिति को देखकर स्टीमर सेवा बंद कर दी गई जिससे यात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

यात्री चंबल नदी के किनारे प्रतीक्षा करते हुए दिखे। वहीं एसडीएम बाह हेमंत कुमार बिंद ने बताया कि चंबल नदी में जल स्तर कम होने पर स्टीमर का संचालन पुनः चालू किया जाएगा पिनाहट चंबल नदी उत्तर प्रदेश तथा मध्य प्रदेश राज्य की सीमा को जोड़ती है जिससे हजारों यात्री यहां स्टीमर से पार होते हैं किंतु चंबल नदी का जलस्तर बढ़ जाने के कारण यात्रियों को 90 किलोमीटर घूम कर जाना पड़ता है जिससे यात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है

# मित्रता में अमीरी-गरीबी का कोई मोल नहीं



**बाह** एनएनआई। बिजकौली गांव में भागवत कथा के आखिरी दिन आचार्य प्रमोद चैतन्य ने सुदामा चरित्र का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि मित्रता में गरीबी और अमीरी नहीं देखनी चाहिए। मित्र एक दूसरे का पूरक होता है। भगवान कृष्ण ने अपने बचपन के मित्र सुदामा की गरीबी को देखकर रोते हुए अपने राज सिंहासन पर बैठाया और उन्हें उलाहना दिया कि जब गरीबी में रह रहे थे तो अपने मित्र के पास तो आ सकते थे। उन्होंने बताया कि सुदामा चरित्र हमें जीवन में आई कठिनाइयों का सामना करने की सीख देता है। सुदामा ने भगवान के पास होते हुए अपने लिए कुछ नहीं मांगा। अर्थात निस्वार्थ समर्पण ही असली मित्रता है। अपने मित्र का विपरीत परिस्थितियों में साथ निभाना ही मित्रता का सच्चा धर्म है, मित्र वह है जो अपने मित्र को सही दिशा प्रदान करे, जो कि मित्र की गलती पर उसे रोके और सही राह पर उसका सहयोग दे। इस दौरान परीक्षत नाहर सिंह, अवनीश यादव, यज्ञपति रवी यादव, मिथलेश देवी आदि रहे।

# पिनाहट नगर पंचायत अध्यक्ष के विरोध में धरने पर बैठे सभासद



एनएनआई

**पिनाहट।** पिनाहट नगर पंचायत में सुबह-सुबह पिनाहट कस्बा के सभासद धरना प्रदर्शन पर बैठ गए और नगर पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन करने लगे। नगर पंचायत अध्यक्ष पर मनमानी व भ्रष्टाचारी का आरोप लगाया।

जानकारी के अनुसार पिनाहट कस्बा के नगर पंचायत कार्यालय में बुधवार सुबह करीब 9 बजे लगभग 12 सभासद धरने प्रदर्शन पर बैठ गए। उन्होंने पिनाहट नगर पंचायत अध्यक्ष रामरती देवी पर मनमानी एवं पक्षपात का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। सभासदों ने बताया कि नगर पंचायत में कोई भी प्रस्ताव सभासदों को विश्वास में लेकर पारित नहीं कराया जाता है। पंचायत अध्यक्ष अपनी मनमर्जी से प्रस्तावों को पारित कर लिया जाता है। सभासदों ने वार्ड नंबर 1 में सबसे अधिक विकास कार्य करने का भी आरोप लगाया क्योंकि इसमें वर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष का घर है।

**सभासदों को समझाने पहुंचे उप जिलाधिकारी बाह**

नगर पंचायत में सभासदों के धरना प्रदर्शन की सूचना पर उप जिलाधिकारी हेमंत कुमार बिंद पहुंचे तथा सभासदों को कुर्सी पर बैठने एवं समझाने की कोशिश की। लेकिन सभासद कुर्सी पर नहीं बैठे और फर्श पर बैठकर ही उप जिलाधिकारी से बात की। उप जिलाधिकारी हेमंत कुमार बिंद से आश्वासन मिलने पर सभासदों ने अपना धरना प्रदर्शन खत्म किया।

# सांसद नवीन जैन ने की एत्मादपुर चौराहे पर फ्लाई ओवर बनाने की मांग

एनएनआई

**आगरा।** राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर आगरा-कानपुर हाईवे (राष्ट्रीय राजमार्ग-19) पर एत्मादपुर चौराहे की भीषण यातायात समस्या का स्थायी समाधान सुझाया है। उन्होंने इस चौराहे पर फ्लाईओवर निर्माण कराने की मांग की है।पत्र में सांसद ने बताया कि एत्मादपुर चौराहा, जो आगरा और फिरोजाबाद के बीच स्थित है, वहां प्रतिदिन गंभीर ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। इस जाम के कारण स्थानीय नागरिक, राहगीर और व्यावसायिक गतिविधियों से जुड़े लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। नवीन जैन ने अपने पत्र में यह भी लिखा कि जाम की स्थिति के चलते वाहन धीमी गति से चलते हैं, जिससे ईंधन की खपत बढ़ती है और प्रदूषण का स्तर भी उच्च होता जा रहा है। यह स्थिति पर्यावरण के लिए भी खतरा बनती जा रही है।

उन्होंने सुझाव दिया है कि एत्मादपुर चौराहे पर एक फ्लाईओवर का निर्माण करवाया जाए, जिससे न केवल यातायात की गति सुधरेगी, बल्कि जाम की समस्या से भी स्थायी निजात मिलेगी। सांसद ने मंत्री से इस विषय में शीघ्र कदम उठाने का अनुरोध किया है।

# मक्का खरीद केंद्र खुलने पर जताया आभार

एनएनआई

**बाह।** विधानसभा क्षेत्र बाह के गांवों में मक्का की खेती का प्रचलन भी बढ़ा है। जरार, भदरौली, पिनाहट, जैतपुर, बाह के खुले बाजार में किसान अपनी फसल को 1900-2000 रुपये प्रति क्विंटल में बेच रहे हैं। जबकि मक्का खरीद का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2225 रुपये प्रति क्विंटल है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान मक्का की उपज का लाभ दिलाने के लिए खरीद केन्द्र खोले जाने की मांग विधायक पक्षालिका सिंह के सामने उठाई थी। विधायक ने बताया कि किसान हित में उन्होंने मांग को शासन प्रशासन के समक्ष उठाया था। डीएम अरविंद मलप्पा बंगारी ने खाद्य विभाग के पिनाहट, जरार में मक्का खरीद केन्द्र खोले जाने का आदेश जारी किया है। खरीद केन्द्र खोले जाने पर ब्लॉक प्रमुख लाल सिंह चौहान, सत्यवीर सिंह, पूर्व चेयरमैन सुनील बाबू, लालू तोमर प्रधान, सोनू प्रधान, उमेश सिसोदिया, डॉ. मानवेन्द्र सिंह, उपेन्द्र भदौरिया, अल्केन्द्र जादौन, शस्त्रुघन भदौरिया, सतीश भदौरिया, अजयपाल सिंह आदि ने विधायक का आभार जताया है।

# बिचपुरी के गांव विलासगंज में लगा स्वास्थ्य शिविर



एनएनआई

**बिचपुरी।** ग्राम पंचायत कलवारी के गाँव बिलासगंज में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिचपुरी के सौजन्य से निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया कैम्प में बुखार, खांसी, जुकाम, दर्द, बी.पी., डायबिटीज,थाइरॉएड के मरीज का चेकअप करने के साथ ही साथ डाक्टरों की टीम ने दवाई दी, निःशुल्क शिविर में सैकड़ो मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ उठाया।

इस दौरान टिंकू चाहर ने कहा कि हर महीने पंचायत के तीनों गाँव मे निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाये जाए जिससे गाँव के मजदूर, गरीब ग्रामीणों का समय से इलाज हो सके,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डा. धर्मेश कुमार, डा.नेहा यादव, डा.ज्योति पचौरी, डा. अमन सिसोदिया, डा.अमीर खान कि उपस्थिति में शिविर का संचालन हुआ। इस दौरान सलीम खान वरिष्ठ समाजसेवी,आलोक धाकड़,सतीश चाहर, राजकुमारी सागर सदस्य जिला पंचायत, मनीष वरुण, जगदीश सागर, गजेंद्र सोनी, महेश वरुण, परसोती धाकड़, जयपाल चाहर, विशाल चाहर, पवन चाहर, राजीव वरुण, रवि अन्य लोग मौजूद रहे।

## जनसंपादकीय

# स्मार्ट सिटी, स्वच्छ भारत और निर्मल गंगाः अरबों खर्च ?

दस साल पहले सत्ता के गलियारों में बड़े ठाठ से घोषणाएं हुई थीं–गंगा नदी को निर्मल बनाएंगे, भारत को स्वच्छ करेंगे, और सौ शहरों को स्मार्ट बना देंगे। जनता ताली बजाती रही, उम्मीदें पालती रही। लेकिन अब जब जमीनी सच्चाई से पर्दा उठ रहा है, तो लगता है कि सपने और हकीकत के बीच का फासला कम नहीं हुआ है।


गंगा, जो आस्था का प्रतीक है, आज भी जहर उगल रही है। नमामि गंगे मिशन को लेकर खूब ढोल-नगाड़े बजे थे। 2014 में प्रधानमंत्री मोदी ने इसे "भारत की जीवनरेखा" कहकर इसे पुनर्जीवित करने का बीड़ा उठाया। करीब 40,000 करोड़ रुपये बहा दिए गए, लेकिन गंगा की धारा में अब निर्मलता नहीं, केवल निराशा बह रही है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट बताती है कि गंगा का 60% पानी स्नान योग्य भी नहीं। वाराणसी जैसे तीर्थ में 80% सीवेज बिना ट्रीटमेंट सीधे गंगा में जा रहा है। हरिद्वार से नीचे गंगा की धारा सिकुड़कर केवल 30% रह गई है। और उत्तराखंड की टैनरियां तथा यूपी के रासायनिक कारखाने मानो सरकारी नियमों पर थूकते हैं–न जाँच, न कार्रवाई। कहने को "पुनर्जीवन", असल में तस्लीम करो कि गंगा आज भी तड़प रही है। उधर यमुना नदी, समूचे ब्रज मंडल में दर्द से कराह रही है।




दूसरा बड़ा प्रोजेक्ट, स्वच्छ भारत मिशन भी एक बड़ी कथा बना दिया गया। 2014 में जब इसकी शुरूआत हुआ तो कहा गया कि भारत को खुले में शौच से मुक्त कर देंगे। आंकड़े कहें कि 10 करोड़ से ज्यादा शौचालय बने, भारत 2019 तक ओडीएफ हो गया। मगर जमीन पर जाके देखो–राजस्थान, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में आज भी ग्रामीण खुले में शौच करने को मजबूर हैं। ठररड की रिपोर्ट ने तो पोल खोलकर रख दी–40% ग्रामीण अब भी शौचालयों से दूर हैं। क्यों? क्योंकि शौचालय बने तो सही, लेकिन बिना पानी और सीवरेज सिस्टम के वो कब्रगाह जैसे गड्ढे बन गए। और जो दलित मैला उठाते हैं, वो अब भी सीवरों में घुटकर मर रहे हैं–2023 में दिल्ली में तीन सफाईकर्मी ऐसे ही मरे। 2014 से अब तक 600 से ज्यादा सफाईकर्मियों की मौत हो चुकी है, लेकिन मैनुअल स्कैवेंजिंग पर बैन केवल कागजों में है। अब बात करें उस भव्य सपने की, जिसका नाम था–स्मार्ट सिटी मिशन। 2015 में शुरू हुआ, और सौ शहरों को "विश्वस्तरीय" बनाने का वादा किया गया। डिजिटल इंडिया, स्मार्ट रोड, वाई-फाई जोन, सोलर एनर्जी–सबकुछ सुनने में काबिल-ए-तारीफ। लेकिन हक ीकत में, ये मिशन ठेकेदारों की चांदी बन गया। 7000 से ज्यादा परियोजनाएँ शुरू तो हुईं, पर कैग की रिपोर्ट बताती है कि 70% प्रोजेक्ट तय समय पर पूरे ही नहीं हुए। 12,000 करोड़ रुपये बिना टेंडर के बांटे गए, कई शहरों में सेंसर लगे तो जरूर, पर एक साल में ही टूट गए। "स्मार्ट" का मतलब अगर सिर्फ फूलदान लगाना और मोबाइल ऐप बनाना है, तो फिर यह देश के साथ एक मजाक है। आज देश के शहरों की हालत यह है कि न सफाई है, न ट्रैफिक का हल, और न ही कोई जवाबदेही। मिशन चुपचाप बंद हो गया, लेकिन बबार्दी की दास्तां शहरों की दीवारों पर अब भी लिखी है।

तीनों मिशनों में एक बात साझा है–सियासी दिखावा और अफसरशाही का बेलगाम खेल। पैसा खर्च हुआ, नतीजे नदारद। योजनाएं बनीं, पर लागू करने का सिस्टम सड़ गया। कैपेसिटी बिल्डिंग, वर्कशॉप्स, सेमिनार–सरकारी तामझाम पर अरबों खर्च हुए, लेकिन आम आदमी की ज़िंदगी वैसी की वैसी रही। सरकारें अब "अमृत 2.0", "गंगा अक्षय", "स्वच्छ भारत 2.0" जैसे नए नामों से फिर वही सपने बेच रही हैं। लेकिन जिन जख्मों पर मरहम न लगाया गया हो, उन पर फिर से मेकअप करने से क्या होगा? गाँवों की गलियाँ अब भी गंदगी से अटी पड़ी हैं, शहरों में नालियाँ उफान मारती हैं और नदियाँ अब सिर्फ गंदे नाले बनकर रह गई हैं। गंगा जैसी पवित्र धारा अब अफसोस और शर्म की प्रतीक बन चुकी है। सच में–"ना गंगा साफ हुई, ना भारत; बस वादों की रंगोली बिछती रही और हकीकत की मिट्टी कुचली जाती रही।" योजनाओं की चकाचौंध में सच्चाई का सूरज कहीं गुम हो गया है।

**ब्रज खंडेलवाल (लेखक के निजी विचार)**





# भूटानः खुशहाली और पर्यटन का देश

भूटान, हिमालय की गोद में बसा एक छोटा सा देश, जिसे दुनिया "खुशहाल देश" के रूप में जानती है। यह देश न केवल अपनी प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक धरोहर के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि अपनी अनूठी शासन व्यवस्था, सामाजिक मूल्यों और जीवन दर्शन के लिए भी जाना जाता है। दुनिया जी डी पी यानी सकल घरेलू उत्पाद की परवाह करती है और उसी से चलती है पर भूटान "ग्रॉस नेशनल हैप्पीनेस" जी एन एच" से चलता है, जो सोच  आर्थिक विकास के साथ-साथ नागरिकों की मानसिक और सामाजिक भलाई को प्राथमिकता देती है।

**भूटान** को "खुशहाल देश" की संज्ञा उसकी अनूठी विकास नीति "ग्रॉस नेशनल हैप्पीनेस" के कारण मिली है, जिसे 1972 में भूटान के चौथे राजा जिग्मे सिंगे वांगचुक ने प्रस्तुत किया। यह अवधारणा सकल घरेलू उत्पाद "जी डी पी "के बजाय नागरिकों की समग्र खुशहाली को मापने पर जोर देती है। जी एन एच के चार प्रमुख आधार हैं

1-आर्थिक विकास पर्यावरण और सामाजिक संतुलन के साथ होना चाहिए।

2-भूटान अपनी बौद्ध संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करने पर विशेष ध्यान देता है।

3-देश का 70% से अधिक हिस्सा वनों से आच्छादित है, और संविधान में पर्यावरण संरक्षण को अनिवार्य किया गया है।

4-पारदर्शी और जन-केंद्रित शासन व्यवस्था।

इसके अलावा, भूटान में सामाजिक समानता, सामुदायिक एकता और बौद्ध दर्शन पर आधारित जीवनशैली लोगों को मानसिक शांति और संतुष्टि प्रदान करती है। हालांकि, कुछ चुनौतियां जैसे मानसिक स्वास्थ्य और युवाओं में अवसाद भी उभर रहे हैं, जिन्हें सरकार सक्रिय रूप से संबोधित कर रही है। भूटान में राजा, जिसे "द्रुक ग्यालपो" (ड्रैगन किंग) कहा जाता है, देश के विकास और खुशहाली में केंद्रीय भूमिका निभाता है। वर्तमान राजा, जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक, 2006 से शासन कर रहे हैं। वे न केवल देश के संवैधानिक प्रमुख हैं, बल्कि जनता के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत और मार्गदर्शक भी हैं। चौथे राजा जिग्मे सिंगे वांगचुक ने 2005 में संविधान का मसौदा तैयार करवाया और 2008 में भूटान को संवैधानिक लोकतंत्र में बदल दिया। इस प्रक्रिया में राजा की शक्तियां सीमित हुईं, लेकिन उनकी नैतिक और प्रतीकात्मक भूमिका बनी रही।

वर्तमान राजा ने "किदू फाउंडेशन" जैसे कार्यक्रम शुरू किए, जो गरीबों और जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता प्रदान करते हैं। वे नियमित रूप से ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करते हैं और जनता की समस्याओं को सुनते हैं। जिसके कारण भूटान की जनता उन्हें अपना सब कुछ मानती है । राजा ने भारत और अन्य देशों के साथ मजबूत संबंध बनाए रखे, जो भूटान की आर्थिक और सामरिक स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण हैं। भूटान का राज परिवार, वांगचुक वंश, देश की एकता और संस्कृति का प्रतीक है। राज परिवार की सादगी और जनता के प्रति समर्पण उन्हें लोकप्रिय बनाता है। वर्तमान राजा की पत्नी, रानी जेत्सुन पेमा, सामाजिक कार्यों और महिला सशक्तीकरण में सक्रिय हैं। राज परिवार बौद्ध धर्म और पारंपरिक मूल्यों को बढ़ावा देता है, जो भूटान की पहचान का अभिन्न हिस्सा हैं।

भूटान एक संवैधानिक लोकतंत्र है, जिसमें संसद (शोगडू) और मंत्रिपरिषद देश की नीतियां बनाते हैं। संसद में 154 सीटें हैं, जिनमें निर्वाचित प्रतिनिधि, धार्मिक प्रतिनिधि और राजा द्वारा नामांकित सदस्य शामिल हैं। सरकार की नीतियां जी एन एच के सिद्धांतों पर आधारित होती हैं, जो पर्यावरण, संस्कृति और जनकल्याण को प्राथमिकता देती हैं।

भूटान में निःशुल्क शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं सभी नागरिकों को उपलब्ध हैं, जो सामाजिक समानता को बढ़ावा देती हैं। भूटान में शिक्षा प्रणाली आधुनिक और पारंपरिक मूल्यों का मिश्रण है। अंग्रेजी शिक्षा का माध्यम है, लेकिन जोंगखा (राष्ट्रीय भाषा) और बौद्ध दर्शन भी पाठ्यक्रम का हिस्सा हैं। सरकार प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा निःशुल्क प्रदान करती है। भारत के सहयोग से भूटानी छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्तियां मिलती हैं। स्कूलों में पारंपरिक नृत्य, संगीत और बौद्ध शिक्षाओं को शामिल किया जाता है, जो युवाओं को अपनी संस्कृति से जोड़े रखता है। भूटान के सामने चुनौतियां भी है जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की कमी होना और उच्च शिक्षा तक सीमित लोगो की पहुंच होना कुछ समस्याएं हैं। भूटान की अर्थव्यवस्था छोटी लेकिन स्थिर है, जो मुख्य रूप से तीन क्षेत्रों पर निर्भर है कृषि, पनबिजली और पर्यटन। देश की 90% से अधिक आबादी कृषि पर निर्भर है, जो जीविकोपार्जन का प्रमुख स्त्रोत है। धान, मक्का और सेब प्रमुख फसलें हैं। भूटान भारत को पनबिजली निर्यात करता है, जो उसकी सरकारी आय का 75% हिस्सा है। यह क्षेत्र भारत के सहयोग से विकसित हुआ है। औद्योगिक विकास सीमित है, और अधिकांश उत्पादन कुटीर उद्योगों तक सीमित है। हाल के वर्षों में, जलविद्युत और खनन ने जी डी पी में योगदान बढ़ाया है। भूटान की मुद्रा ङुल्ट्रम है, जो भारतीय रुपये के बराबर मूल्य रखती है। भूटान का पर्यटन पर्यावरण और संस्कृति के संरक्षण को प्राथमिकता देता है। भूटान में पर्यटकों को प्रतिदिन सब कुछ मिलाकर लगभग 250 डालर खर्च करना पड़ता है, जिससे बड़े पैमाने पर पर्यटन को नियंत्रित किया जाता है। यह नीति स्थानीय समुदायों को लाभ पहुंचाती है।

थिम्फू, पारो घाटी, पुनाखा द्ज़ोंग, और ताकत्संग मठ (पारो टाइगर नेस्ट) प्रमुख पर्यटन स्थल हैं। हिमालय की प्राकृतिक सुंदरता और बौद्ध मठ पर्यटकों को आकर्षित करते हैं । भूटान में दुनिया की सबसे ऊंची भगवान बुद्ध की बैठी हुई प्रतिमा है जो थिम्पू में एक पहाड़ी के ऊपर है तो चलेला और धौचुला पास है जो क्रमश समुद्र से 3000 और 4000 मीटर की ऊंचाई पर है।

भारत के साथ मजबूत संबंध और राजा के नेतृत्व में भूटान अपनी अनूठी पहचान को बनाए रखते हुए प्रगति की ओर अग्रसर है।



**डॉ. सीपी राय की कलम से**

# ब्रेकअप के बाद हिमांशी खुराना का बदला लुक



बिग बॉस 13 से अपनी खास पहचान बनाने हिमांशी खुरानी का कुछ वक्त पहले ही आसिम रियाज संग ब्रेकअप हुआ है। दोनों ने काफी साल की डेटिंग के बाद अपना रिश्ता खत्म किया। वहीं आसिम से ब्रेकअप के बाद एक्ट्रेस ने अपना लुक एकदम बदल लिया है। जिसे देख फैंस काफी खुश हैं, लेकिन कुछ लोगों का एक्ट्रेस का ये ट्रांसफोर्मेशन बिल्कुल पसंद नहीं आया। दरअसल 'बिग बॉस 13' के वक्त हिमांशी का वजन थोड़ा बढ़ा हुआ था। जिसे अब एक्ट्रेस ने कम कर लिया है। हिमांशी ने काफी महीनों की मेहनत के बाद अपना ये रूप बदला है। अब अक्सर एक्ट्रेस अपना कर्वी फिगर सोशल मीडिया पर फ्लॉन्ट करती रहती हैं। लेकिन इस वक्त एक्ट्रेस ट्रोलर्स के हत्थे चढ़ी हुई हैं। उनका नया लुक यूजर्स को बिल्कुल रास नहीं आ रहा। हिमांशी का ये लुक देखकर अब कुछ यूजर्स उनका जमकर मजाक उड़ा रहे हैं। उनको एक्ट्रेस का ये ट्रांसफोर्मेशन बिल्कुल पसंद नहीं आ रहा। एक यूजर ने कमेंट कर लिखा कि, 'आप पहले अच्छी लगती थी। अब ज्यादा वजन कम कर लिया।।' दूसरे ने लिखा, 'आप और आसिम साथ में बहुत अच्छे लगते थे फिर ऐसा क्या हुआ जो अलग हो गए।।' खबरों की मानें तो दोनों का ब्रेकअप धर्म की वजह से हुआ था। दोनों के ब्रेकअप ने उनके फैंस का दिल तोड़ दिया था। हिमांशी खुराना का नाम पंजाबी सिनेमा की पॉपुलर और रिच एक्ट्रेसेस की लिस्ट में शुमार हैं। जो ना सिर्फ सिंगिंग में अपना नाम बना चुकी हैं बल्कि कई फिल्म में एक्टिंग का हुनर भी दिखा चुकी हैं। उनके कई गाने सोशल मीडिया पर खूब व्यूज बटोर चुके हैं। इंस्टाग्राम पर भी उनकी तगड़ी फैन फॉलोइंग है।

# करियर पर पड़ा शादी का असर-अदिति



फिल्म इंडस्ट्री में बेशक बदलाव आया है। हीरोइनों को अब पहले से मजबूत भूमिकाएं मिल रही हैं। शादी और बच्चों के बाद भी वे इंडस्ट्री में एक्टिव हैं। मगर, एक सच्चाई ये भी है कि शादी के बाद जहां अभिनेताओं के करियर पर बड़ा असर नहीं होता, लेकिन अभिनेत्रियों का करियर किसी न किसी रूप में प्रभावित होता है। शादी के बाद अदिति राव हैदरी भी कुछ ऐसा ही महसूस कर रही हैं। अभिनेत्री अदिति राव हैदरी और एक्टर सिद्धार्थ ने बीते वर्ष सितंबर में शादी रचाई। काफी वक्त एक-दूसरे को डेट करने के बाद कपल शादी के बंधन में बंधा। हाल ही में अदिति राव हैदरी शादी के बाद अपने करियर को लेकर बात करती दिखीं। उन्होंने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। हाल ही में एक बातचीत में अदिति राव हैदरी ने खुलासा किया कि शादी के बाद से उन्हें बहुत ज्यादा फिल्मों के ऑफर नहीं मिले हैं। अपनी खूबसूरती और बहुमुखी प्रतिभा के लिए जानी जाने वाली अदिति की इस टिप्पणी से पता चलता है कि निजी जिंदगी में माइलस्टोन के बाद अभिनेत्रियों को अक्सर इंडस्ट्री में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।अदिति की लोकप्रियता और अदाकारी को देखते हुए दर्शकों के लिए इस पर यकीन करना शायद मुश्किल हो कि उन्हें फिल्मों के कम ऑफर मिल रहे हैं। हालांकि, वे अपने करियर को लेकर सकारात्मक हैं। फिर भी अदिति की टिप्पणी ने इस बात पर जोर दिया है कि शादी के बाद अभिनेत्रियों के प्रति नजरिया बदलने की जरूरत है। अदिति को बीते वर्ष सीरीज हीरमंडी में देखा गया। इसमें उन्होंने बिब्बोजान का किरदार निभाया था।

# इंग्लैंड ने टेस्ट में हासिल किया अपना दूसरा बड़ा लक्ष्य

**नई दिल्ली।** बेन डकेट के शतक और जैक क्रावली तथा जो रूट के अर्धशतकों की मदद से इंग्लैंड ने भारत को पहले टेस्ट मैच के पांचवें दिन पांच विकेट से हराया। इंग्लैंड ने इस तरह पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। भारत ने इंग्लैंड के सामने 371 रनों का लक्ष्य रखा था। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में पांच विकेट पर 373 रन बनाकर जीत हासिल की। इस तरह इंग्लैंड ने अपनी धरती पर टेस्ट में दूसरा बड़ा लक्ष्य हासिल किया।

## भारत ने हासिल की थी मामूली बढ़त

इंग्लैंड ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। भारत ने पहली पारी में 471 रन बनाए थे और इंग्लैंड की पहली पारी 465 रन पर ऑलआउट कर छह रनों की मामूली बढ़त हासिल कर ली थी। भारत की दूसरी पारी चौथे दिन 364 रन पर ऑलआउट हुई थी और उसने कुल 370 रनों की बढ़त हासिल कर इंग्लैंड को 371 रनों का लक्ष्य दिया था। इंग्लैंड ने आखिरी दिन आसानी से लक्ष्य हासिल किया और सीरीज में बढ़त लेने में सफल रहा।



## गिल की कप्तानी में पहली हार

भारतीय टीम इस सीरीज में रोहित शर्मा और विराट कोहली की अनुपस्थिति में खेल रही है जिन्होंने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया था। गिल को रोहित की जगह कप्तान बनाया गया था, लेकिन कप्तान के तौर पर पहले ही मैच में उन्हें हार मिली। भारत के पास हालांकि, अभी मौका है क्योंकि यह सीरीज का पहला ही मैच था। भारत के लिए पहली पारी और दूसरी पारी में निचले क्रम ने बल्लेबाजी में अच्छा योगदान नहीं दिया था जो भारी पड़ा। वहीं, दूसरी पारी में गेंदबाज भी कमाल नहीं दिखा पाए जो हार का बड़ा कारण रहा।

## गेंदबाजों का लचर प्रदर्शन

भारतीय टीम पहली पारी में बढ़त लेने के बावजूद इस मैच को जीत नहीं सकी। भारत की हार का सबसे बड़ा कारण दूसरी पारी में गेंदबाजों का लचर प्रदर्शन रहा। इंग्लैंड ने पांचवें दिन की शुरूआत बिना किसी नुकसान के 21 रन से की। इंग्लैंड को अंतिम दिन जीत के लिए 350 रन चाहिए थे, जबकि भारत को 10 विकेट लेने थे। इंग्लैंड के लिए जैक क्रावली और बेन डकेट ने शानदार बल्लेबाजी की और पहले विकेट के लिए 188 रनों की साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति पर पहुंचाया। इन दोनों बल्लेबाजों ने पांचवें दिन पहले सत्र में भारत को सफलता हासिल नहीं करने दी।

**बढ़त लेने के बावजूद भारत को मिली हार**





## लीड्स टेस्ट मैच जीतने के बाद बेन स्टोक्स ने क्या कहा?

पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन में बेन स्टोक्स ने कहा कि यह अकल्पनीय था। यहां हमारी कुछ अच्छी यादें हैं और एक और याद उसमें जुड़ गई है। टेस्ट मैच आखिरी घंटे तक गया और बड़े लक्ष्य का पीछा किया गया। यह वाकई एक खास शुरूआत है। साथ ही में स्टोक्स ने दिल खोलकर दोनों सलामी बल्लेबाजों की तारीफ की। स्टोक्स ने कहा कि डकेट अविश्वसनीय थे। चौथी पारी का दबाव बहुत कठिन होता है, खासकर इंग्लैंड में। जैक और डकेट की साझेदारी ने हमें शानदार शुरूआत दी। उन्होंने आगे कहा डकेट ने बड़ा स्कोर बनाया जो जीत में निर्णायक रहा, लेकिन क्रॉली ने जिस तरह धैर्य और फोकस बनाए रखा, वो भी बेहद अहम था।

## डकेट-क्रावली की शानदार साझेदारी

भारत ने दूसरे सत्र में चार विकेट लिए, लेकिन अंत में रूट और स्मिथ ने मोर्चा संभाला और इंग्लैंड को जीत दिला दी। इंग्लैंड के लिए रूट 53 रन और जैमी स्मिथ 44 रन बनाकर नाबाद लौटे। इंग्लैंड की ओर से डकेट ने 149 रन, क्रावली ने 65, कप्तान बेन स्टोक्स ने 33, ओली पोप ने आठ रन बनाए, जबकि हैरी ब्रूक खाता खोले बिना पवेलियन लौटे। पहली पारी में पांच विकेट लेने वाले भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह दूसरी पारी में खाली हाथ रहे और एक भी विकेट हासिल नहीं कर सके। भारत की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा और शार्दुल ठाकुर ने दो-दो विकेट लिए, जबकि रवींद्र जडेजा को एक विकेट मिला।

## डब्ल्यूटीसी के नए चक्र की खराब शुरूआत

भारत ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के नए चक्र (2025-27) की खराब शुरूआत की है। अंक तालिका में भारत चौथे स्थान पर है। वहीं, इंग्लैंड लीड्स टेस्ट में जीत के साथ शीर्ष पर पहुंच गया है। उनके खाते में 12 अंक हैं और अंक प्रतिशत 100 का हो गया है। भारत की तरह इंग्लैंड ने भी डब्ल्यूटीसी के नए चक्र की शुरुआत लीड्स टेस्ट से की है। दूसरे और तीसरे स्थान पर क्रमशः बांग्लादेश और श्रीलंका की टीमें हैं। दोनों के बीच खेला गया पहला मुकाबला ड्रॉ पर खत्म हुआ था। अब भारतीय टीम को तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी का दूसरा मुकाबला बर्मिंघम में खेलना है। यह मैच दो मैच से शुरू होगा।



# बुधवार, 25 जून राशिफल

मेष राशि के लिए आज बुधवार का दिन चंद्रमा के तीसरे भाव में होने से लाभदायक रहेगा। आपका साहस और उत्साह आज आसमान छूएगा। आपको आज कारोबार में आर्थिक लाभ का मौका मिलेगा। आज आपको संपर्क बढ़ाने का मौका मिलेगा, परिचय का दायरा आपका बढेगा।

वृषभ राशि के दूसरे भाव में आज चंद्रमा का गोचर शुभ फलदायी होगा। आपके परिवार और निजी संबंध मजबूत और सुखद बने रहेंगे। आपको किसी नए काम में निवेश करने का मौका मिल सकता है। कोई लाभदायक अवसर आपको आज अचानक ही प्राप्त हो सकता है।

मिथुन राशि के लोगों के लिए आज का दिन चतुराई और बुद्धि से लाभ पाने का रहेगा। आप अपनी व्यवहार कुशलता और मधुर वाणी से आज काम निकलवाने में सफल रहेंगे। आपकी व्यावसायिक योजना लंबे समय से अटकी है तो आज इसमें आपको सफलता मिल सकती है।

कर्क राशि के जातकों के लिए आज का दिन बहुत ही शुभ और लाभदायक रहेगा। नौकरी कारोबार में आपको आज लाभ मिलेगा लेकिन आपको इसके लिए अधिक परिश्रम करने की जरूरत होगी। पारिवारिक जीवन में आपको आज भाइयों से सहयोग मिलेगा।

सिंह राशि के जातको के लिए आज का दिन सकारात्मक और लाभदायक रहने वाला है। आपको आज अपने अनुभव, ज्ञान और बुद्धि का पूरा लाभ मिलेगा। जो लोग नौकरी की तलाश में हैं आज उनको कोई अच्छा मौका मिल सकता है।

कन्या राशि के लिए आज गजकेसरी योग लाभदायक रहेगा। भाग्य का आपको आज साथ मिलेगा और आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आपको किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का मौका मिल सकता है। सामाजिक क्षेत्र में आपका सम्मान और प्रभाव बढेगा।

तुला राशि के सितारे बताते हैं कि आज बुधवार का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आर्थिक मामलों में आपको आज लाभ मिलेगा। आपको आज कुछ नए लोगों से मिलने और संपर्क बढ़ाने का मौका मिलेगा। किसी पार्टी या मनोरंजक कार्यक्रम में शामिल होने का आपको मौका मिलेगा।

वृश्चिक राशि के लोगों के लिए आज का दिन एक से अधिक स्रोतों से लाभ को दर्शा रहा है। साझेदारी के काम मे भी आज आपको ग्रहों की शुभ स्थिति का फायदा मिलेगा। लंबे समय बाद आज किसी पुराने मित्र से आपकी मुलाकात हो सकती है।

धनु राशि के सितारे बता रहे हैं कि आज का दिन आपके लिए काम कमाई दोनों ही लिहाज से अच्छा रहने वाला है। आज आपको कुछ अनुभवों से लाभ होगा। करियर को लेकर कोई परेशानी चल रही थी तो उससे आप आज राहत प्राप्त कर सकते हैं।

मकर राशि के लोगों के लिए आज बुधवार का दिन मिलाजुला रहेगा। आपको आज अपने काम से काम रखना चाहिए। विरोधी और शत्रु आज अधिक सक्रिय नजर आएगे। वैसे आज आपको बैंकिंग संबंधी काम में आज सफलता मिलेगी।

कुंभ राशि के लोगों के लिए आज बुधवार का दिन सामान्य रूप से अच्छा रहेगा। आपको आज सुख साधनों की प्राप्ति होगी। नौकरी में भी आज का दिन आपका सामान्य रूप से चलता रहेगा। आपको आज बिजनेस में आर्थिक लाभ मिलेगा।

मीन राशि के लोगों के लिए आज का दिन कुल मिलाकर अच्छा रहेगा। आप आज परिवार के सदस्यों से सहयोग पाएंगे। आपके पारिवारिक जीवन मे आज आपसी सामंजस्य बना रहेगा। छात्र आज शिक्षा मे रुचि लेंगे और विषयों को गहराई से जानने की रुचि रहेगी।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

किडनी रोगियों के लिए राहत

# समर्प ा हॉस्पिटल में शुरू हुई होमोडायलिसिस सेवा

एनएनआई



**आगरा।** लायंस क्लब आगरा प्रयास और माया मित्तल चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से समर्पण चैरिटेबल ट्रॉमा हॉस्पिटल, दिल्ली गेट को अत्याधुनिक होमोडायलिसिस मशीन प्रदान की गई। इस सेवा से अब किडनी रोगियों को कम लागत पर डायलिसिस की सुविधा मिल सकेगी। कार्यक्रम में महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाहा, एलआइइपीसी चेयरमैन जितेंद्र चौहान, चमड़ा उद्योग परिषद अध्यक्ष पूरन डावर, डॉ. स्वाति माथुर, डॉ. रंजना बंसल सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। लायंस क्लब प्रयास की अध्यक्ष अशु मित्तल ने अस्पताल को 8 लाख रुपये का चेक भेंट किया। महापौर ने क्लब की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह सेवा उन मरीजों के लिए वरदान साबित होगी जो महंगे निजी इलाज का खर्च वहन नहीं कर सकते।

चेयरमैन जितेंद्र चौहान ने क्लब की सेवा भावना को प्रेरणास्पद बताया। होमोडायलिसिस मशीन कृत्रिम किडनी की तरह कार्य करती है, जो रक्त से विषाक्त पदार्थ और अपशिष्ट निकालकर उसे शरीर में वापस भेजती है। इस अवसर पर क्लब पदाधिकारी व शहर के अनेक समाजसेवी उपस्थित रहे और मानसून में पौधरोपण का संकल्प लिया गया।

# कैमरा सुरक्षा में योगदान के लिए 'ताजगंज 500 मीटर बाजार संगठन' सम्मानित

एनएनआई



**आगरा।** शहर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाने वाले ताजगंज 500 मीटर बाजार संगठन को नगर निगम द्वारा सम्मानित किया गया। संगठन ने ताजगंज क्षेत्र में 11 सीसीटीवी कैमरे विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर स्थापित किए हैं, जिन्हें आगरा सेफ सिटी परियोजना के अंतर्गत नगर निगम को हैंडओवर किया गया। संस्थापक चेतन अरोड़ा ने बताया कि यह प्रयास व्यापारियों की सामूहिक भागीदारी से संभव हुआ है, जिसका उद्देश्य आगरा को सुरक्षित और स्मार्ट सिटी बनाना है। उन्होंने बताया कि पहले इन कैमरों की रिकॉर्डिंग 7 दिन तक ही सीमित थी, लेकिन अब यह रिकॉर्डिंग स्मार्ट सिटी प्रणाली के अंतर्गत 45 दिनों तक सुरक्षित रहेगी। इससे ताजमहल और उसके आसपास के पर्यटन क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को नया आयाम मिलेगा। यह एक वर्ष के भीतर संगठन को नगर निगम द्वारा प्राप्त दूसरा सम्मान है। नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल की टीम द्वारा संगठन को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थापक रविंद्र वर्मा, अध्यक्ष कृष्ण मुरारी अग्रवाल, उपाध्यक्ष बृजमोहन अरोड़ा, रामकुमार प्रजापति, शिवनाथ जादौन, नरेश सेहगल, राम गोयल, पवन शिवहरे, गोविंद वर्मा, राहुल शिवहरे, अंजुम भाई, स्माइलुद्दीन, अली हुसैन सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# विदेशों तक पहुंची संस्कृत की गूंज, संवाद शिविर में दिखी झलक

- आगरा विवि में संस्कृत संभाषण शिविर प्रारंभ, 125 विद्यार्थियों ने कराया पंजीकरण

एनएनआई



**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी हिंदी एवं भाषा विज्ञान विद्यापीठ के सूर कक्ष में संस्कृत विभाग द्वारा सात दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का शुभारंभ 24 जून 2025 को हुआ। यह शिविर कुलपति प्रो. आशु रानी के निर्देशन में संचालित हो रहा है। उद्घाटन विद्यापीठ निदेशक प्रो. प्रदीप श्रीधर ने अतिथियों के स्वागत के साथ किया। मुख्य अतिथि डॉ. इंदु बारोठ (अध्यक्ष, गुरुकुल यू.के, लंदन) ने संस्कृत की वैज्ञानिकता को रेखांकित करते हुए कहा, 'संस्कृत से बढ़कर कोई सुख नहीं, यह गर्व का विषय है कि आज भी लोग इसे सीखने को उत्सुक हैं।' उन्होंने बताया कि वे लंदन में न केवल भारतीयों बल्कि ब्रिटिश मूल के बच्चों को भी संस्कृत सिखा रही हैं। विशिष्ट अतिथि प्रो. मंजुलता शर्मा (सेंट जॉन्स कॉलेज) ने संस्कृत संभाषण को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सरल और संवादात्मक संस्कृत के प्रयोग पर बल दिया। उन्होंने एक बाल कविता – 'चपला चतुरा मम मर्जरी' के माध्यम से संस्कृत से जुड़ने को प्रेरित किया। शिविर में 125 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया है। यह आयोजन विभाग की वार्षिक परंपरा का हिस्सा है। संचालन डॉ. वर्षा रानी और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. केशव कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर डॉ. अमित कुमार, डॉ. मोहिनी दयाल, डॉ. संदीप कुमार, योगेश डाबर, कंचन सहित अनेक विद्वान उपस्थित रहे।

# गुरु तेग बहादुर के स्मरण से दूर होते जीवन के दुख

## गुरु तेग बहादुर की शहीदी को समर्पित विशेष कीर्तन दरबार आयोजित

एनएनआई



**आगरा।** गुरुद्वारा श्री दुख निवारण साहिब, नया बांस, लोहामंडी में नवीं पातशाही श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी गुरपुरब के उपलक्ष्य में श्रद्धा व सत्कार के साथ विशेष कीर्तन दरबार सजाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पावन शब्द 'तेग बहादर सिमरियै घर नो निधि आवै धाय' से हुई। इस अवसर पर अमृतसर साहिब से पधारे कथा वाचक भाई गुरविंदर सिंह ने गुरु साहिब की जीवन गाथा व बलिदान की महिमा को विस्तार से संगत के साथ साझा किया। 'बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। इसके उपरांत भाई हरजोत सिंह (गुरुद्वारा श्री मिठ्ठा खूह साहिब, महर्षिपुरम, सिकंदरा) ने मधुर स्वर में गुरबाणी कीर्तन की मनोहारी प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर का स्मरण करने से जीवन के सारे दुख दूर हो जाते हैं और सुख-शांति प्राप्त होती है। कीर्तन उपरांत गुरबाणी शब्दों और हुकमनामे के साथ गुरु महाराज के अटूट लंगर का वितरण किया गया, जिसे संगत ने गुर का आशीर्वाद मानकर प्रेमपूर्वक ग्रहण किया। इस मौके पर गुरनाम सिंह अरोड़ा, जसप्रीत सिंह नारंग, गुरु सेवक श्याम भोजवानी, जसबीर सिंह, परवीन अरोड़ा, रिक्की सलूजा, विक्की पुरी, अमृत आहूजा सहित गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी व अन्य साध संगत विशेष रूप से उपस्थित रही।

